हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित


Page 11



खेल

## गस एटकिंसन ने वेलिंग्टन में रचा इतिहास, न्यूजीलैंड-इंग्लैंड टेस्ट में 1265 दिन बाद...

Page 10



देश

## किसान आंदोलन में हरियाणा के नहीं, पंजाब के जत्थेदार किसान : कृष्ण बेदी


शुक्ल पक्ष, शतभिषा, विक्रम संवत् 2081


• औरंगाबाद • रविवार • 08 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 01 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹77,620 | ₹92,000 |





### आज का इतिहास

- **2014 :** एक यात्री बस में बम विस्फोट होने से 11 लोगों की मौत हो गई और दक्षिण फिलीपींस के बुकिडॉन प्रांत में लगभग 21 लोग घायल हो गए। 6 नवंबर 2014 को हुई घटना के बाद यह दूसरा बम विस्फोट था।
- **1625 :** हॉलैंड और इंग्लैंड के बीच सैन्य संधि पर हस्ताक्षर हुए।

### न्यूज बाइट्स

#### निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को नये कानून के तहत मिली जमानत

**रांची (झारखंड) (नि.सं.)।** रांची के पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा ने जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को नये कानून के तहत आज जमानत प्रदान कर दी। कोर्ट ने दो-दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत देने का आदेश दिया है। इसके अलावा उन्हें अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा करना होगा।

#### 7693 युवाओं ने फर्जीवाड़ा कर लिया बेरोजगारी भत्ता

**मोतिहारी (नि.सं.)।** बिहार में बेरोजगारी भत्ता (सीएम निश्चय स्वयं सहायता भत्ता) योजना का फर्जी तरीके से फायदा लिया जा रहा है। जिन युवाओं को योजना का लाभ मिलना चाहिए, उन्हें नहीं मिल रहा। योजना विकास विभाग की इंटरनल रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। अब सरकार ऐसे युवाओं से राशि वसूलने में जुट गई है, जिन्होंने गलत तरीके के योजना का लाभ लिया है। बिहार सरकार ने योजना की इंटरनल जांच कराई तो रिपोर्ट में फर्जी बेरोजगारी भत्ता लेने का खुलासा हुआ। योजना विकास विभाग की रिपोर्ट की माने तो अब तक 7 लाख 61 हजार 236 युवाओं ने योजना का लाभ लिया है। इनमें से 48 हजार 832 का फिजिकल वैरिफिकेशन किया गया है, जो कुल आवेदन का 6.4 फीसदी था। इन 48 हजार 832 युवाओं में 7693 लाभ लेने वाले युवाओं ने फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी फंड से राशि प्राप्त की है। योजना विकास विभाग की माने तो 15.75 प्रतिशत युवाओं ने फर्जी तरीके से योजना का लाभ लिया है। सरकार इन युवाओं तलाश में जुट गई है। ऐसे तमाम युवाओं से अब तक 45.63 लाख रुपए वसूल किए गए हैं। बेरोजगारी भत्ता लेने वाले इसमें इंटरेस्ट नहीं ले रहे हैं। हर साल 2 लाख युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का टारगेट सरकार ने सेट किया है। हालांकि, आंकड़े बताते है कि आवेदन नहीं आ रहे हैं।

नई दुग्ध समितियों के गठन से गोपालगंज जिले में दुग्ध उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

# मुख्यमंत्री ने एक लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के दुग्ध उत्पादन संयंत्र का किया शिलान्यास

- मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 तक राज्य में 7,000 नई दुग्ध समितियां बनेंगी।
- आसपास के पशुपालकों को आर्थिक सहायता और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।



निज संवाददाता | गोपालगंज

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को गोपालगंज जिले के कटेया प्रखंड के बैरिया ग्राम में एक लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के दुग्ध उत्पादन संयंत्र का भूमि पूजन और शिलापट्ट का अनावरण कर इसका शिलान्यास किया। अधिकारियों ने साइट प्लान के माध्यम से दुग्ध उत्पाद संयंत्र की स्थापना के संभावित लाभ और इस परियोजना से जुड़े रोजगार अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। इस दुग्ध उत्पादन संयंत्र के माध्यम से आसपास के पशुपालकों को आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया, जिनमें पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, कृषि विभाग, कॉम्फेड, जीविका, शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग शामिल थे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांग सशक्तीकरण छात्र योजना के तहत बैट्री चालित ट्राई साइकिल की चाभी लाभुकों को प्रदान की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुग्ध उत्पाद संयंत्र का कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा किया जाए ताकि इसकी सुविधा का जल्द लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता है और जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत इस दिशा में काम करना चाहिए। ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय-2 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 तक 7,000 नई दुग्ध समितियों के गठन की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से कई का गठन गोपालगंज जिले में किया जाएगा। इन समितियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर दुध का प्रोसेसिंग किया जाएगा और किसानों को सीधे इस व्यवसाय से जोड़ा जाएगा। इस संयंत्र की कुल परियोजना राशि 53.64 करोड़ रूपये है और इसका क्षेत्रफल 10.81 एकड़ है। इसमें विधायन संयंत्र, प्रशासनिक भवन, सर्विस ब्लॉक, पीटीपी भंडार इत्यादि की स्थापना की जाएगी। इस दुग्ध उत्पादन संयंत्र के स्थापित होने से गोपालगंज जिला के किसानों के साथ-साथ सीवान और पश्चिमी चंपारण जिले के करीब 50 हजार किसानों को भी लाभ मिलेगा। यह परियोजना न केवल दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देगी बल्कि क्षेत्र में पशुपालन को भी बढ़ावा देगी।

पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुष्प-गुच्छ और पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव डॉ. एन विजयालक्ष्मी ने पौधा भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चैधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, गन्ना उद्योग मंत्री सह गोपालगंज जिला के प्रभारी मंत्री कृष्णनंदन पासवान, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, सांसद आलोक कुमार सुमन, विधायक अमरेंद्र कुमार पांडे, विधायक कुसुम देवी, विधान पार्षद बीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व विधायक मंजित सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, आयुक्त सारण प्रमंडल गोपाल मीणा, बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन के प्रबंध निदेशक राज कुमार, निदेशक मत्स्य पालन अभिषेक रंजन, जिलाधिकारी गोपालगंज प्रशाथ कुमार सीएच और पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एक से 15 फरवरी तक होगी बिहार इंटरमीडिएट की परीक्षा, मैट्रिक का परीक्षा 17-25 तक चलेगा

- टॉपर्स को इस बार मिलेगी दोगुनी राशि
- इंटरमीडिएट के टॉप 5 के लिए भी छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाई गई है, उन्हें प्रति माह 2500 दी जाएगी।
- इंटर परीक्षा के लिए 12 लाख 89 हजार 601 अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरा है जबकि मैट्रिक परीक्षा में 15 लाख 81 हजार 89 फॉर्म भरे गए हैं।



निज संवाददाता | पटना

बिहार बोर्ड ने 2025 में होने वाली 12वीं (इंटरमीडिएट) और 10वीं(मैट्रिक) की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। एक फरवरी से 15 फरवरी तक इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी। वहीं मैट्रिक का एग्जाम 17 फरवरी से 25 फरवरी होगा। मार्च-अप्रैल रिजल्ट जारी होगा। इसके बाद सप्लीमेंट्री और विशेष परीक्षा ली जाएगी। मई-जून में सप्लीमेंट्री परीक्षा का भी रिजल्ट जारी किया जाएगा। इंटर परीक्षा के लिए 12 लाख 89 हजार 601 अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरा है। वहीं मैट्रिक परीक्षा में 15 लाख 81 हजार 89 फॉर्म भरा गया है।

राज्य के सभी डीएलएड शिक्षण संस्थान में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 27 फरवरी 2025 को होगी। ITI की भाषा विषय की परीक्षा 25 और 26 अप्रैल को होगी। सिमुलतला आवासीय विद्यालय के लिए कक्षा 11 की परीक्षा 25 जून को ली जाएगी। कक्षा 6 के लिए परीक्षा 17 अक्टूबर 2025 और मुख्य परीक्षा 20 दिसंबर 2025 को होगा।

2025 में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर को 2 लाख रुपए मिलेंगे, सेकंड टॉपर को डेढ़ लाख रुपए, तीसरे स्थान पर रहने वाले को 1 लाख और इंटरमीडिएट में चौथे और पांचवे स्थान के लिए 30 हजार, मैट्रिक में चौथे से दसवीं रैंक के लिए 20 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके साथ ही सभी को लैपटॉप भी मिलेगा। इंटरमीडिएट और मैट्रिक के टॉपर के लिए छात्रवृत्ति योजना में भी 2025 से वृद्धि की जाएगी। मैट्रिक में टॉप 10 में रहने वाले को स्टूडेंट्स को अगले 2 साल के लिए प्रति माह 2000 दिए जाएंगे। इंटरमीडिएट के टॉप 5 के लिए भी छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाई गई है, उन्हें प्रति माह 2500 दी जाएगी। बिहार बोर्ड इंटर का रिजल्ट..तीनों स्ट्रीम में लड़कियां टॉपर:पिछली बार से 3.55% ज्यादा स्टूडेंट्स पास, सबसे अधिक 47% फर्स्ट डिवीजन वाले बिहार बोर्ड इंटर का रिजल्ट मंगलवार को जारी कर दिया गया है। कुल 83.70% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। यह पिछली बार से 3.55% ज्यादा है। तीनों स्ट्रीम में लड़कियां टॉपर रही हैं। आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स संकाय मिलाकर कुल 13 साल 4 हजार 586 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। इनमें 10 लाख 91 हजार 941 स्टूडेंट पास हुए हैं। पिछली बार से रिजल्ट 3.55% ज्यादा है। सबसे अधिक पास होने वालों में 47% फर्स्ट डिवीजन वाले हैं।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस : मुख्यमंत्री ने सैनिक कल्याण निधि में किया अंशदान



निज संवाददाता | पटना

शनिवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के मौके पर सैनिक कल्याण निदेषालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस का फ्लैग लगाया। मुख्यमंत्री ने बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेन्ट फंड में अंशदान कर देश के सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया और राज्यवासियों से भी इस फंड में योगदान देने की अपील की। ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया कि बिहार सरकार ने राज्य के निवासियों के कल्याण और पुनर्वास के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार ने अनुग्रह अनुदान राशि को 11 लाख से बढ़ाकर 21 लाख रुपए और दिव्यांग सैनिकों के लिए 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए किया है। इसके अलावा, शौर्य पुरस्कार विजेताओं की सम्मान राशि में भी वृद्धि की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, गृह विभाग के प्रधान सचिव शअरविंद कुमार चैधरी और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

मखाना को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए बेंगलुरू में दो दिवसीय मखाना महोत्सव का आयोजन

## मखाना उत्पादन में किसानों को हर संभव मदद मिलेगी : प्रहलाद जोशी

- मखाना उत्पादन में आधुनिक यंत्रों का प्रयोग किया जाएगा : मंगल
- बिहार में होता है देश के 85 प्रतिशत से अधिक मखाना का उत्पादन



निज संवाददाता | पटना

बिहार के मखाना को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए पहली बार बिहार से बाहर बेंगलुरू में दो दिवसीय मखाना महोत्सव का आयोजन किया गया। बेंगलुरू, कर्नाटक के किंग्स कोर्ट, पैलेस ग्राउंड में कृषि विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित इस महोत्सव के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रहलाद जोशी भी बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बिहार के कृषि-सह-स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव, कृषि विभाग बिहार, संजय कुमार अग्रवाल ने की। यह आयोजन बिहार के गौरव 'मखाना' और इसके महत्वपूर्ण योगदान को उत्सवपूर्वक मनाने का एक प्रयास था। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने मखाना आधारित उत्पाद बनाने वाले उद्यमियों द्वारा कार्यक्रम में लगाए गए स्टॉल का दौरा किया। उन्होंने मखाना उत्पादों की किस्मों जैसे मखाना पास्ता, खीर मिक्स, मटरी-मिक्स आदि की सराहना की। श्री जोशी ने मखाना के विकास के अवसरों की खोज पर सत्र की अध्यक्षता भी की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मखाना उत्पाद को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। श्री जोशी ने कहा कि गतिहीन जीवन शैली युवाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है और मखाना जंक फूड का एक स्वस्थ विकल्प प्रदान करता है। बैंगलुरु में यह आयोजन एक अच्छी शुरुआत है और एक बार जब भारत के इस हिस्से में अधिक लोग मखाना के महत्व के बारे में जागरूक हो जाएंगे तो मांग कई गुना बढ़ जाएगी। उन्होंने इस कार्यक्रम को बेंगलुरू में आयोजित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कृषि मंत्री मंगल पांडेय को धन्यवाद दिया। बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर मखाना का अग्रणी उत्पादक है। राज्य को मिथिला मखाना के लिए जीआई टैग मिला है, जो इसकी अनूठी गुणवत्ता और विरासत को प्रमाणित करता है। मखाना जो अपने पोषण संबंधी लाभों के लिए जाना जाता है, बिहार में लाखों किसानों की आजीविका के लिए एक महत्वपूर्ण फसल है। राज्य देश के 85 प्रतिशत से अधिक मखाना का उत्पादन करता है, जो इसे स्थानीय अर्थव्यवस्था का आधार बनाता है।

## हवाई अड्डों पर सुरक्षा के लिए गुणवत्ता नियंत्रण इकाई की स्थापना

**नयी दिल्ली (ए.)।** केन्द्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल ने देश भर के हवाई अड्डों पर विश्व स्तरीय विमानन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण इकाई स्थापित की है। बल के प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि संपूर्ण देश के 68 हवाई अड्डों पर तैनात विमानन सुरक्षा समूह के लिए एक आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण इकाई (आईक्यूसीयू) की स्थापना कर विमानन सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आईक्यूसीयू विश्व स्तरीय सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पहल नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा जारी राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन सुरक्षा गुणवत्ता नियंत्रण कार्यक्रम-2024(एनसीएएसक्यूसीपी) और विमान (सुरक्षा) नियम-2023 के अनुरूप है।

पुस्तक मेला में विकसित भारत और वेव्स परिचर्चा का हुआ आयोजन

## पीएम का विजन विकसित भारत जनभागीदारी से होगा पूरा : डा. प्रेम कुमार



निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन और सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को पटना पुस्तक मैदान में केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 'विकसित भारत @ 2047 और वेव्स' पर परिचर्चा का उद्घाटन किया। इस मौके पर आयोजित फोटो प्रदर्शनी का भी उन्होंने अवलोकन किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विजन 'विकसित भारत @ 2047' केवल जनभागीदारी से पूरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का जो बीड़ा उठाया है, वह तेजी से अपनी दिशा में आगे बढ़ रहा है। डॉ. कुमार ने कहा कि हर क्षेत्र में जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता का विकास हो रहा है। उन्होंने ओटीटी वेव्स पर चर्चा की और कहा कि इस प्लेटफार्म का उद्देश्य उत्कृष्ट कंटेंट और समकालीन प्रोग्रामिंग के माध्यम से भारतीय संस्कृति को लोकप्रिय बनाना है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। सीबीसी-पीआईबी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार ने 'विकसित भारत @ 2047' और 'वेव्स' पर केन्द्रित फोटो प्रदर्शनी के उद्देश्यों पर चर्चा की और बताया कि इसका उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्र सरकार की योजनाओं की सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विकास मॉडल पूरी दुनिया को भा रहा है।

### मंत्री ने गौरैया स्टॉल का किया अवलोकन

बिहार सरकार के पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने शनिवार को पटना पुस्तक मेले में लगे गौरैया संरक्षण स्टॉल का अवलोकन करते हुए बताया कि गौरैया पत्रिका का प्रकाशन पुनः होने लगा है। उन्होंने गौरैया संरक्षण में लगे हमारी गौरैया के संजय कुमार और एनवायरनमेंट वाररिर्स के निशांत रंजन एवं पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिस लगान से गौरैया बचाने में ये लोग लगे है वह मिसाल है। डॉ प्रेम कुमार ने हमारी गौरैया और एन्वरमेंट वैरियर्स के गौरैया संरक्षण जागरूकता स्टॉल का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि यह स्टॉल मेले की शान है, मेले का थीम से सटीक मेल खाती है। आपलोगों का यह कार्य आमलोगों के लिए न केवल प्रेरणादायक होगा बल्कि समाज मे गौरैया संरक्षण के जागरूकता में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमारे विभाग द्वारा सालों से बंद 'गौरैया पत्रिका' को पुनः शुरू कर दिया है, जल्द ही यह पत्रिका भी आम लोगों को जागरूक करने का काम करेंगी। मौके पर गौरैया संरक्षणविद संजय कुमार, निशांत रंजन, अध्यक्ष एनवायरनमेंट वाररिर्स और टीम के 50 से अधिक बच्चे उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के तहत किसानों का प्रशिक्षण हेतु हरी झंडी

**पटना(नि.सं.)।** पटना के 20 गन्ना किसान प्रशिक्षण के लिए लखनऊ जा रहे हैं। मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम, 2024-25 के अंतर्गत प्रगतिशील गन्ना किसानों को नई तकनीकों एवं आधुनिक विधियों से परिचित कराने के उद्देश्य से अंतरराज्यीय एक्सपोजर विजिट-सह-प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के लिए पटना के प्रगतिशील गन्ना किसानों के दल को संयुक्त गन्ना आयुक्त, जय प्रकाश नारायण सिंह और उप निदेशक, ईख विकास, महेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गन्ना उत्पादन में नवीनतम तकनीकों का अध्ययन, उनकी समझ और उन तकनीकों को बिहार के गन्ना किसानों के बीच लागू करना है, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार हो सके। किसान गन्ना इकाई के बारे में नई तकनीक के बारे में जानेंगे।

परिवहन मंत्री शिला मंडल ने कहा

## सभी विधानसभा से पटना के लिए चलेगी नई बस



निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

सासाराम में आयोजित जदयू के कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने शनिवार को परिवहन मंत्री शीला मंडल रोहतास पहुंची। जहां उन्होंने कहा कि राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्र से राजधानी पटना के लिए सीधी बस सेवा चलाई जायेगी। साथ ही जिले के कोचस से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की चार यात्री बसों का परिचालन राजधानी के लिए शुरू किया गया है। परिवहन मंत्री ने कहा कि कुछ समय पहले कोचस से संचालित यात्री बसों को करगहर विधानसभा मुख्यालय तक एक्सटेंशन की जाने की मांग की गई थी, जिसको स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन बसों के संचालित होने से पटना आने -जाने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। व्यवसायिक वर्गों के लोगों के लिए यह बसें काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि सासाराम में आयोजित जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक सिद्ध होगा और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2025 में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी।

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद पॉश एक्ट के क्रियान्वयन के लिए वार्षिक समारोह में हुए शामिल, कहा

# पॉश एक्ट की वजह से कार्यस्थल पर महिलाओं का बढ़ा आत्मविश्वास

एजेंसी | नयी दिल्ली



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद पॉश एक्ट के क्रियान्वयन के लिए ट्रेनिंग के क्षेत्र में अग्रणी संगठन, पिंक एंड ब्लू द्वारा नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित वार्षिक समारोह में शामिल हुए। यहां उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के विरुद्ध संरक्षण प्रदान करने तथा यौन उत्पीड़न की शिकायतों की रोकथाम और निवारण तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियम अस्तित्व में आया है। मौजूदा प्रावधान के तहत भारतीय दण्ड संहिता धारा 354 के तहत छेड़छाड़ मामले में दोषी पाये जाने पर अधिकतम पांच साल तथा कम-से-कम एक साल की सजा का प्रावधान किया गया है तथा इसे गैर-जमानतीय अपराध बनाया गया है।

पार्ट- 1 के तहत केस दर्ज किया जाता है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों से अपील किया कि महिलाओं के लिए कार्यस्थल सुरक्षित बनाए जाने के लिए सभी प्रतिष्ठानों में पॉश एक्ट को लागू करने की व्यवस्था करने के लिए पहल करें। इस दौरान उन्होंने पॉश ट्रेनर्स को अवार्ड से सम्मानित करते हुए कहा कि इस एक्ट के अस्तित्व में आने के बाद महिलाओं के आत्मविश्वास में जबरदस्त वृद्धि हुई है और वह पुरुषों से एक कदम आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में आईसीएसआई के पूर्व अध्यक्ष निसार अहमद ने इस कानून की प्रासंगिकता पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिंक एंड ब्लू की अध्यक्ष रितु गोयल, संचालन महासचिव अवनीश श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन सुनीता रंजन द्वारा किया गया। जदयू के राष्ट्रीय सचिव निसार अहमद भी उपस्थित थे।

एम्स पटना के पास स्थित निवा अस्पताल ने मनाई पहली वर्षगांठ

## आईसीयू और डायलिसिस सुविधा का हुआ उद्घाटन

निज संवाददाता | पटना



पटना के एम्स के समीप स्थित निवा अस्पताल ने अपनी पहली वर्षगांठ बड़े उत्साह और उपलब्धियों के साथ मनाई। इस अवसर पर अस्पताल में अत्याधुनिक आईसीयू और डायलिसिस सुविधा का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के जाने-माने डॉक्टरों और समाजसेवियों ने भाग लिया।

अस्पताल के निदेशक और जाने-माने लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. उत्तम पाठक ने बताया कि निवा अस्पताल ने अपने पहले वर्ष में सर्जरी के क्षेत्र में कई अहम उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि यहां अब तक सैकड़ों सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं, जिनमें लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की सफलता दर 99% रही है। यह अस्पताल की उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाओं और कुशल टीम का प्रमाण है। डॉ. पाठक ने जानकारी दी कि अस्पताल में अब अत्याधुनिक आईसीयू की सुविधा उपलब्ध है, जिससे गंभीर और न्यूरो सर्जरी के मरीजों को विशेष इलाज मिल सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. भीमराव आंबेडकर का मना परिनिर्वाण दिवस

**गया।** शहर के बागेश्वरी रोड स्थित डॉ.बीआर अंबेडकर शिक्षण संस्थान कार्यालय में शुक्रवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर का 68 वां परिनिर्वाणदिवस मना। संस्था के सदस्यों ने सर्वप्रथम बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस बीच संस्था में पढ़ने वाला छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री दी गई। अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि डॉ.भीमराव आंबेडकर सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उनके दिखाए रास्ते पर चल देश को शिखर पर पहुंचाना होगा। उन्होंने अपनी कुशल नीति से देश में सामाजिक एकजुटता पेश की। मौके पर अशोक गुप्ता, निरंजन कुमार, मनोरंजन कुमार, सुभम कुमार, कुमारी प्रियंका, विश्वजीत कुमार आदि मौजूद थे।

### 36 घंटे बाद भी युवती के शव की नहीं हुई शिनाख्त

**मानपुर।** बुनियादगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत शिव चरण लेन में हुई युवती की हत्या मामले का खुलासा पुलिस 36 घंटे बाद भी नहीं कर पाई है और ना ही अबतक शव की पहचान कराने में सफल हुई है। पुलिस अंधेरे में तीर मारने को विवश है। ऐसे में यह भी पता नहीं चल पा रहा है कि हत्या की वजह क्या है। बता दें कि गुरुवार सुबह शिव चरण लेन स्थित नाले से 26 वर्षीय युवती का शव एक बोरे से बरामद हुआ था। हत्यारों ने गला घोट कर हत्या करने के बाद युवती के चेहरे को तेज धार हथियार से गोद दिया। ताकि युवती की पहचान नहीं हो सकी। आशंका जताई जा रही है कि एक से अधिक अपराधियों ने जबरन युवती का पैर बांध कर यौन शोषण किया। फिर हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए बोरे में बंद कर नाले में फेंक दिया।

### प्रकृति अनुरूप खान-पान की लोगों को दी जानकारी

**गया।** जिले के वजीरगंज प्रखंड के कुमार में स्थित स्वामी राघवेंद्राचार्य त्रिदंडी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के बैनर तले शुक्रवार को सर्किट हाउस में चिकित्सा शिविर लगा। शुभारंभ मुख्य अतिथि सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया। इस बीच 50 से अधिक लोगों का प्रकृति परीक्षण किया गया। मठ के सचिव जगद्गुरु स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने बताया कि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए नए उपक्रम देश की प्रकृति परीक्षण के तहत यह शिविर लगा है। इसके तहत लोगों को प्रकृति अनुरूप खान-पान की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि देश में बीमारी के बढ़ते बोझ को कम करना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग स्वस्थ रह सके। स्वामी जी ने बताया कि अब तक महाविद्यालय द्वारा पांच सौ से अधिक लोगों का प्रकृति परीक्षण किया जा चुका हैं। मौके पर संयोजक डॉ. गौरव, डॉ. रविकांत तिवारी, डॉ. अविनाश, पुरुषोत्तम, शबीर, तहसीन, शशिभूषण, ऋतिक कुमार, अमर, शासकीय निकाय के सदस्य कौशलेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

### पानी भरे गड्ढ़े में डूबकर युवक की मौत, दूसरे दिन मिली लाश


**बिहारशरीफ।** गिरियक थाना अंतर्गत विशुनपुर गांव में गुरुवार को शौच के लिए निकले युवक की पानी भरे गड्ढ़े में डूबकर मौत हो गई। खोजबीन के दौरान शुक्रवार को शव मिला। मृतक स्व. एतबारी मांझी के पुत्र बासो मांझी थे। परिवार ने बताया कि युवक घर से शौच के लिए निकला था। जिसके बाद देर तक नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। अगली सुबह पानी भरे गड्ढ़े से उसकी लाश मिली। अंदेशा है कि पैर फिसलने से युवक पानी भरे गड्ढ़े में गिर गया। जहां डूबकर उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया गया।

### अभियान के तहत यातायात नियमों की दी गई जानकारी



**गया।** गया पुलिस की ओर से यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर डीएसपी यातायात, डीटीओ तथा एनफोर्समेंट पदाधिकारी द्वारा यातायात जागरुकता अभियान के तहत क्रेन स्कूल, गया में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसपी यातायात ने वहां उपस्थित सभी बच्चों, शिक्षकों एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी दी और उनके पालन के लिए जागरूक किया। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने घरों के अभिभावकों और परिजनों को बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। वहीं डीटीओ ने सीनियर सेक्शन के बच्चों को 18 वर्ष की उम्र से पहले या बिना लाइसेंस के वाहन चलाने से मना किया। इसके अलावा, क्रेन स्कूल के बच्चों को ले जाने वाले टेंपो और बस चालकों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया और सख्त हिदायत दी गई कि यदि वे बिना लाइसेंस, बिना इंश्योरेंस और बिना पंजीकरण के वाहन चलाते पाए गए तो उनकी गाड़ी जब्त कर ली जाएगी, चालान काटा जाएगा और अन्य विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### 2 महीने में दूसरी बार वारदात को अंजाम, डकैती के 60 दिनों बाद ज्वेलरी की दुकान में फिर हुई चोरी



**नालंदा।** नालंदा में 13 अक्टूबर की रात हथियारबंद डकैतों ने एक ज्वेलरी की दुकान को निशाना बनाया था। करीब 2 महीना होने को आया, लेकिन अब तक इस मामले में पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है। उधर, बदमाशों ने अपने दुस्साहस का परिचय देते हुए एक बार फिर से आभूषण दुकान में गुरुवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामला बिन्द थाना क्षेत्र के बिन्द बाजार स्थित ज्योति ज्वेलर्स नाम की दुकान की है। घटनास्थल थाना से महज 500 मीटर पर स्थित है। चोरी की घटना का खुलासा शुक्रवार को तब हुआ जब संचालक वीरेंद्र कुमार अपनी दुकान खोलने के लिए पहुंचे। संचालक ने बताया कि प्रतिदिन की तरह वे दुकान खोलने के लिए पहुंचे, तो उन्होंने कॉरिडोर का ताला खोला। अंदर प्रवेश करने पर शटर उठा हुआ पाया। इसके बाद स्थानीय पुलिस को चोरी की सूचना दी गई। पुलिस ने पाया कि बदमाशों ने शोकेस में रखी ज्वेलरी की चोरी की और तिजोरी भी खोलने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो पाए। दुकानदार ने बताया कि तिजोरी के अंदर रखा कीमती सामान सुरक्षित है। हालांकि 30 हजार की संपत्ति का फिर से दुकानदार को नुकसान हुआ है। 13 अक्टूबर की रात नकाबपोश डकैतों ने हथियार के बल पर 3 लाख से अधिक की संपत्ति की डकैती कर ली थी। वहीं, विरोध करने पर घर में मौजूद सदस्यों के साथ मारपीट भी की थी। इसके बाद अपराधियों के डर से रात्रि में आभूषण दुकान सह मकान में कारोबारी नहीं रहते है। बिन्द के पुरानी बाजार में बने मकान में परिवार रहता है। बिन्द थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम का भी सहारा लिया जा रहा है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वुशू खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में बिखेरा जलवा

## 1-6 दिसंबर तक पंजाब में आयोजित थी प्रतियोगिता, 5 खिलाड़ियों ने जीते पदक

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार के युवा वुशु खिलाड़ियों ने '24वीं सब जूनियर नेशनल वुशू चैम्पियनशिप 2024' में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। एक से 6 दिसंबर के बीच पंजाब के तरनतारन में आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और पदक तालिका में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्र शंकरण ने इस उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राज्य के युवा खिलाड़ियों ने कुल पांच पदक जीते हैं, जिनमें एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। विशेष रूप से इशांत टैगोर द्वारा जीता गया रजत पदक राज्य के लिए गर्व का क्षण है। इसके अलावा बिशेमनी सिंह, मून स्टार, आनंदी राय, अभिषेक कुमार और धनंजय कुमार ने कांस्य पदक जीतकर बिहार की खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत खिलाड़ियों की सफलता को दर्शाती है, बल्कि बिहार में युवा खेल प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य का संकेत भी है। राज्य के खेल प्राधिकरण के अधिकारियों का मानना है कि ऐसी उपलब्धियां युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगी। वुशू जैसे कॉम्बैट स्पोर्ट्स में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है। इन युवा खिलाड़ियों ने अपने कौशल, समर्पण और कड़ी मेहनत से यह सिद्ध किया है कि बिहार के युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा साबित कर सकते हैं।

# गया के विष्णुपद मंदिर में श्रीराम सीता विवाह का आयोजन



**मंदिर परिसर में राममय हुआ वातावरण, गूंजे राम विवाह के मंगल गीत**

निज संवाददाता। गया

गया के विष्णुपद मंदिर में शुक्रवार की शाम विवाह पंचमी के उपलक्ष्य में आयोजित श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां मंगल गीतों और शहनाई की मधुर धुन के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान राम और सीता के विवाह के भव्य आयोजन में भाग लिया। श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति की तरफ से आयोजित चार दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन मंदिर का सभा मंडप श्रीराममय हो उठा। मंदिर को दुल्हन की तरह सजा दिया गया था। शाम होते ही झालरों और रोशनी से पूरा परिसर जगमगाने लगा है। सभा मंडप के भीतर फूलों से सजा विवाह मंडप, चार रामायण, और विधिवत पूजा-अर्चना ने पूरे आयोजन को दिव्यता प्रदान की। विवाह समारोह में महिलाएं जब पारंपरिक विवाह गीत गा रही थीं, तब हर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध नजर आए।

चांदी की पालकी पर विराजमान भगवान विष्णु के चरणों की आराधना के बाद भगवान राम और सीता का प्रतीकात्मक स्वयंवर संपन्न हुआ। इसके साथ ही भगवान लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का विवाह भी संपन्न हुआ। एक अद्भुत आध्यात्मिक माहौल ने हर श्रद्धालु का मन मोह लिया। विवाह पंचमी के उपलक्ष्य में आयोजित श्री राम विवाह महोत्सव ने जैसे मंदिर को रामायण के कालखंड में लौटा दिया हो।

# मुकेश को मगध साहित्य प्रेरणा सम्मान

## सांसद ने प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया



निज संवाददाता। गया

नालंदा अवस्थित विरायतन के सभागार में अशोक स्मृति संस्थान व साहित्य प्रेरणा मंच द्वारा आयोजित मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव के मंच पर युवा कवि-समीक्षक मुकेश कुमार सिन्हा को 'मगध साहित्य प्रेरणा सम्मान' से सम्मानित किया गया। शनिवार को नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने युवा कवि-समीक्षक श्री सिन्हा को प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार रामरतन प्रसाद सिंह रत्नाकर, विभा रानी श्रीवास्तव, ओंकार कश्यप आदि उपस्थित थे। युवा साहित्यकार मुकेश कुमार सिन्हा का एक काव्य संग्रह 'तेरा मजहब क्या है चाँद' प्रकाशित है, जबकि समीक्षा विधा में छह पुस्तक प्रकाशित हैं, जिसमें 'किताबें क्या कहती हैं?', 'बातें किताबों की', 'अनिरुद्ध प्रसाद विमल का काव्य वैभव', 'यात्रा किताबों की', 'साहित्य की एक किरण' और 'प्रो (डॉ) छेदी साहः कृतियों का मूल्यांकन' शामिल हैं।

# टनकुप्पा थाना में एसआई की संदेहास्पद मौत

निज संवाददाता। गया

टनकुप्पा प्रखंड के टनकुप्पा थाना में तैनात 54 साल के एसआई मदन राय की मौत संदेहास्पद हालात में हो गई। शुक्रवार सुबह जब साथी पुलिसकर्मी उन्हें जगाने गए, तो वे बिस्तर पर मृत पाए गए। बताया जा रहा है कि रात में वह कुछ आवश्यक कार्य निपटा रहे थे और आखिरी बार उन्हें रात 3 बजे देखा गया था। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, रात ढाई बजे मदन राय को सांस लेने में तकलीफ के चलते इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे। प्राथमिक दवाएं लेकर वे वापस थाना लौट गए। सुबह 3 से 7 बजे के बीच उनकी मृत्यु हो गई। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति पर कोई स्पष्ट राय नहीं दी है।

**कैमूर जिले के झलखोरा के रहने वाले थे मदन रायः** मदन राय, कैमूर जिले के झलखोरा गांव के निवासी थे। वे बीपी, शुगर और हृदय रोग सहित कई बीमारियों से ग्रसित थे। दो साल पहले उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। उनके परिवार में पत्नी सोना देवी, दो बेटियां और दो बेटे हैं। छोटी बेटी अरुचिका 18 वर्ष की है, जबकि छोटे बेटे अंकुर की उम्र महज 7 साल है।

## शपथ पत्र

मैं नागमती देवी, पति स्व. नागदेव सिंह, ग्राम-महादेवा, पोस्ट-चरण, थाना-माली, अंचल नवीनगर, जिला-औरंगाबाद, (बिहार) शपथपूर्वक बयान करती हूं कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पहचान पत्र में मेरा नाम नगीना कुंवर है जिसका आई. डी. संख्या WOX0930784 है। मैं नगिना कुंवर तथा नागमती देवी दोनों नामों से जानी जाती हूं। उक्त दोनों नामों से मेरे मुहल्ले में मैं ही जानी जाती हूं, दूसरा अन्य कोई नहीं है।

शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि लिखी गई सारी बातें सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-38778 दिनांक-06/12/24 है।

**शपथकर्ता**
**नागमती देवी**

## दक्षिण पूर्व रेलवे में यातायात एवं पॉवर ब्लॉक के लिए ट्रेनों का विनियमन

दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के सिरमटोली चौक पर **4-लेन फ्लाईओवर / एलिवेटेड रोड-कम- रोड ओवर ब्रिज के** निर्माण हेतु, चरण 1 और 2 का ब्लॉक कार्यक्रम **09.12.2024 से 26.12.2024** तक किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, ब्लॉक की अवधि के दौरान ट्रेनों के संचालन में निम्नलिखित व्यवस्थाएँ की गई हैंः ● **मार्ग परिवर्तनः (1) 13425 मालदा टाउन – सूरत स्पेशल** (यात्रा प्रारंभ तिथिः 21.12.2024) और ● **(2) 07052 रक्सौल – सिकंदराबाद स्पेशल** (यात्रा प्रारंभ तिथिः 17.12.2024) को राउरकेला जंक्शन - सिनी जंक्शन - चाण्डिल जंक्शन - मुरी जंक्शन - कोटशिला जंक्शन मार्ग की ओर परिवर्तित किया जाएगा, जो पहले राउरकेला जंक्शन - रांची जंक्शन - मुरी जंक्शन - कोटशिला जंक्शन के मार्ग से संचालित हो रही थीं। ● **नियंत्रणः 18619/18620 रांची – गोड्डा – रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा प्रारंभ तिथिः 16.12, 19.12.2024 से 22.12.2024) को इस अवधि में संबंधित खंड में उपयुक्त रूप से नियंत्रित किया जाएगा। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कर्ज चुकाने को खुद का कराया अपहरण, मांगी फिरौती, पब्जी-फ्री फायर गेम खेलने के लिए लिए थे पैसे

निज संवाददाता। गया

गया में कर्ज चुकाने के लिए 10वीं के छात्र ने खुद का अपहरण करवा लिया। छात्र ऑनलाइन गेम (पब्जी और फ्री फायर) का आदी था। गेम खेलने के लिए उसने दोस्तों से उधार पैसे ले रखे थे। कर्ज 50 हजार रुपए तक हो गए थे। खुद के अपहरण के बाद छात्र ने खुद के ही मोबाइल से अपने पिता को फोन करवाया और 1.50 लाख रुपए फिरौती की मांग की। छात्र ने पुलिस को बताया कि पिता ने 95,000 रुपए खाते में भेज थे। इनमें से 55,000 रुपए एटीएम से निकाले गए और बाकी रकम खाते में है। छात्र की निशानदेही पर विष्णुपद थाना क्षेत्र के पंतनगर स्थित किराए के मकान पर छापा मारा गया। यहां से एक दूसरे नाबालिग को पकड़ा गया और 55,000 रुपए नगद और मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों विधि विरुद्ध लड़कों को निरुद्ध कर लिया। मामला शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र की है। मामले की जानकारी एएसपी पीएन साहू ने दी।

**3 दिसंबर को लापता हुआ था छात्रः** दरअसल, 3 दिसंबर को शेरघाटी निवासी रंजीत ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मेरे बेटे का माड़नपुर पेट्रोल पंप से अपहरण हुआ है। अपहरण करने वाले फिरौती मांग कर रहे हैं। धमकी दी जा रही कि पैसे नहीं दोगे तो बेटे को जान से मार देंगे। वहीं, पैसे मिलने के बाद छात्र ने अपने पिता को फोन किया कि मैं वी-टू मॉल के पास खड़ा हूं। अपराधियों ने मुझे छोड़ दिया है। एएसपी पीएन शाहू ने कहा कि विशेष टीम का गठन हुआ था। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने सिविल लाइंस इलाके में वी-2 मॉल के पास से छात्र को सकुशल बरामद कर लिया। इधर छात्र के पिता रंजीत कुमार ने बताया कि मेरा बेटा सकुशल मिल गया। यह बहुत बड़ी बात है। उनसे जब यह पूछा गया कि कितना कर्ज था। तो वे नहीं बता सके। उन्होंने बस इतना बताया कि गुरुवार की शाम एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन पर मेरा बेटा था।

## पूर्व मध्य रेल

### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के निम्न स्टेशन पर 05 वर्षों के लिए वाटर वेंडिंग मशीन की स्थापना एवं संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :–

| 1 | कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि | ई–नीलामी कैटलॉग संख्या | ई–नीलामी लॉट संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| AA/1 | अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 2 पर वाटर वेंडिंग मशीन सं. 01 के लिए। | CATG-DDU-51 | MSS-DDU-AUBR-WVM-6-24-1 | ई–नीलामी दिनांक 24.12.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। |
| AA/2 | भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/2 पर वाटर वेंडिंग मशीन सं. 01 के लिए। | | MSS-DDU-BBU-WVM-3-24-1 | ई–नीलामी दिनांक 24.12.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.40 बजे बंद होगी। |
| AA/3 | गया स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1/1ए पर वाटर वेंडिंग मशीन सं. 01 के लिए। | | MSS-DDU-GAYA-WVM-8-24-1 | ई–नीलामी दिनांक 24.12.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 12.50 बजे बंद होगी। |
| AA/4 | अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 3 पर वाटर वेंडिंग मशीन सं. 02 के लिए। | | MSS-DDU-AUBR-WVM-7-24-1 | ई–नीलामी दिनांक 24.12.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.00 बजे बंद होगी। |
| AA/5 | भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 3/4 पर वाटर वेंडिंग मशीन सं. 02 के लिए। | | MSS-DDU-BBU-WVM-4-24-1 | ई–नीलामी दिनांक 24.12.2024 को 12.00 बजे शुरू होगी और 13.10 बजे बंद होगी। |

2. वेबसाईट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in

पीआर/01659/डीडीयू/वा./एन/24–25/80 मंडल रेल प्रबंधक(वाणिज्य)/पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : RP/EL/DNR/HS/QTR WIRING दिनांक– 06.12.2024.

1. कार्य का नाम एवं स्थान : Electrification of 34 units staff quarters and 02 units LILO control building at Hazaribagh road, Sonnagar and Karamnasa in connection with the 2x25 KV, 160 kmph High speed work of DDU & DHN Division under Railway Project E.C. Railway Danapur. 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹98,06,637.79, 3. निविदा फार्म की किमत : ₹0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹1,96,100.00, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक– 20.12.2024 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 03.01.2025 को 15.00 बजे। 6. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन– 801105

उप मुख्य विद्युत अभियंता/
रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर
पीआर/01661/डीएनआर/विद्युत/टी/24–25/40

## पूर्व मध्य रेल

### अधिसूचना

सं. : काम/एटीवीएम/डी.डी.यू./आर.एस. एवं जी.पी./24, डी.डी.यू. दिनांक 06.12.2024

रेल प्रशासन पं. दीन दयाल उपाध्याय, मंडल के अन्तर्गत निम्नलिखित स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) के लिए सुविधाकर्ताओं की नियुक्ति के लिए बन्द लिफाफे में सामान्य स्थानीय जिले के निवासी एवं सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों तथा उनके पत्नी/वयस्क बच्चा से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। स्टेशन का ब्यौरा निम्न है :–

**स्टेशन : 01. गया, 02. डेहरी ऑन सोन, 03. सासाराम, 04. भभुआ रोड।**

ए.टी.वी.एम की नियुक्ति हेतु आवश्यक ब्यौरा नीचे दिये गये है :–

1. वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय में आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.12.2024 को 11.00 बजे से दिनांक 20.12.2024 को 12.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में पंजीकृत डाक/कुरियर/साधारण डाक या हाथों–हाथ वरीय मंडल वाणिजय प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय के प्रेषण अनुभाग में पहुच जाना चाहिए। दिनांक 20.12.2024 को 12.00 के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें तथा दिनांक 20.12.2024 को 12.30 बजे खोले जायेगें।
2. वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड पर लगाए जाने का स्थान : www.ecr.indianrailways.gov.in एवं वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के सूचना बोर्ड पर। उपरोक्त आवेदन की विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू. के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

टिप्पणी : इस अधिसूचना के आलोक में प्राप्त सभी अथवा किसी भी आवेदन/अधिसूचना को बिना कारण बताए रदद करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।

मंडल रेल प्रबंधक (वा.)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01665/डीडीयू/वा./एन/24–25/52

# बेटे के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप, घर से बुलाकर मारी गई थी गोली

**नालंदा ।** नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र में विमलेश शर्मा उर्फ लाला सिंह की हत्या हुई थी। मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक की पत्नी कांति देवी ने अपने बड़े बेटे के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। दरअसल, विमलेश शर्मा की बीते बुधवार की शाम घर से बुलाकर अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मृतक की पत्नी कांति देवी ने पुलिस को बताया कि उनके बड़े बेटे की शादी वर्ष 2011 में अरबल के झुनाठी गांव निवासी अशोक सिंह की बेटी एभी कुमारी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों परिवारों के बीच विवाद चल रहा था। एभी कुमारी अक्सर अपने मायके में रहती थी और ससुराल आने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देती थी। दोनों परिवारों के बीच कई बार विवाद हुआ था और इस संबंध में न्यायालय में भी मामला विचाराधीन है।

## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

### KHATIAN AND VALUATION STATEMENT

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-III)**

(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–चियांकी, थाना–मेदिनीनगर, थाना नं0–206**
**पत्रांक–57(B)/भू0अ0, दिनांक–30.11.2024**

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | चियांकी | 66 | 1384 | रैयती | मकान | 0.0020 | 1 | नरसिंह प्रसाद यादव, पिता रामदास यादव | |
| 2 | | 71 | 1943 | रैयती | टांड़ | 0.2681 | 2 | रामजन्म मांझी वो योगेन्द्र पासवान, पिता चमरू मांझी, विशाल पासवान, पिता रियल पासवान, अखिलेश मांझी वो सकलदीप पासवान वो प्रदीप पासवान, पिता स्व० राम किशुन पासवान | पक्का मकान चापाकल–1 पेड़–3 |
| 3 | | 137 | 577/P | रैयती | टांड़ | 0.0100 | 3 | शनिचरी देवी, पति लखन साव | |
| 4 | | 137 | 577/P | रैयती | टांड़ | 0.0100 | 4 | सातो देवी, पति मुनी साव | |
| | | | | | कुल | **0.2901** | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 341435 (Palamu) 24-25 (D)

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सात महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में शनिवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान केंद्र में आये सात महिलाओं को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने बंध्याकरण किया। मौके पर लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने बंध्याकरण के लिए आये महिलाओं का मूत्र जांच, रक्त जांच समेत अन्य जांच किये। इस दौरान एएनएम स्वर्णलता कुमारी, आशिक आलम समेत अन्य रहे।

### चोरी की बाइक के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

**संझौली (रोहतास) (नि.सं.)।** संझौली थाने की पुलिस ने शनिवार की छापेमारी कर चोरी गई बाइक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि बीते गुरुवार की संझौली बाजार स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक सामने से चोरी गई बाइक के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार ग्राम अमैठी निवासी अजय चौधरी जो कृष्णा चौधरी का पुत्र बताया जा रहा है। आरोपित को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया।

### संझौली में महिला से 50 हजार की छिनतई

**संझाली (रोहतास) (नि.सं.)।** स्थानीय संझौली थाना क्षेत्र के पीएनबी बैंक के पास से शनिवार को लगभग तीन बजे एक महिला का अज्ञात अपराधियों ने 50 हजार रुपया छीनकर चपत हो गए। महिला काराकाट थाना क्षेत्र के बेनसागर निवासी राज कुमार चौधरी की पत्नी बबीता देबी बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार बबीता ने शनिवार की नोखा एसबीआई बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर संझाली पीएनबी बैंक के पास एक दुकान पर किसी की इंतजार में बेंच पर झोला रख बैठी थी। इसी क्रम में घात लगाए अज्ञात चोरों ने झोला में रखा 50 हजार रुपए छीनकर भाग निकला। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि महिला द्वारा चोरी की आवेदन नही दी गई है। अगर महिला द्वारा आवेदन दिया जाता है तो करवाई की जाएंगी।

### आपसी रंजिश में युवक को चाकू मार किया घायल

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के राजपुर वार्ड संख्या पांच में आपसी रंजिश को ले शुक्रवार की रात एक युवक ने गांव के ही नौसाद आलम नामक 22 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल का उपचार ट्रामा सेंटर वाराणसी में चल रहा है। घायल मां ने गांव के ही चन्दन माली के विरूद्ध थाना में प्राथमिकी कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हमलावर चन्दन माली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त सुचना के अनुसार वार्ड नंबर पाच में रामलीला हो रहा है। राम लीला देख दोनों युवक चले रास्ते में ही दोनों के बीच बिबाद होने लगा।हथापाई होने के बाद चन्दन चाकू निकाला पेट में घोंप दिया। चाकू मारने की ख़बर सुन आस पड़ोस के लोग जुटेतो नौसाद जमीन पर गिर छटपटा रहा था। खुन से लथपथ नौसाद को राजपुर मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार सिंह ने अपने गाडी से उपचार के लिए जमुहार नारायण मेडिकल कॉलेज ले गए। जहा चिकित्सको ने बेहतर उपचार के लिए बाहर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार घटना कि पुष्टि करते हुए कहा घायल नौसाद के माता के वयान पर केस दर्ज कर हमलावर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### 25 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)।** नटवार थाना पुलिस ने शुक्रवार देर शाम बिरौआं कला गांव में छापेमारी कर 25 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति मनीष कुमार, जो स्वर्गीय भरत चौधरी का पुत्र है और बिरौआं कला का निवासी है, के घर पर छापा मारा गया। इस दौरान बड़ी मात्रा में अवैध देसी शराब बरामद हुई। मामले में बिहार मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया है।

# खाली कुर्सियों के बीच जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य वक्ता मंत्री श्रवण कुमार का हुआ संबोधन

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



2005 से पहले वाले बिहार की तुलना अगर आज के बिहार से करेंगे तो आप पाएंगे कि बिहार ने हर क्षेत्र में विकास किया है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार आज ज्ञान, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में भी आगे बढ़ा है। पहले बिहार का बजट मात्र 23 हजार 800 करोड़ हुआ करता था लेकिन जब नीतीश कुमार ने बिहार की कमान संभाली तो 2024 में इसे बढ़ाकर दो लाख 72 हजार करोड़ कर दिया। उक्त बातें शनिवार को सासाराम के फजलगंज स्थित न्यू स्टेडियम में आयोजित जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने कही। अपने भाषण के दौरान बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने ज्यादातर समय 2005 से पहले वाले बिहार की तुलना वर्तमान बिहार से की। उन्होंने कहा कि पहले बिहार में बजट का पैसा नेताओं के पेट में जाता था और अलकतरा पीने, चारा खाने एवं गिट्टी खाने का काम होता था। बिहार में न सड़कें थी ना बिजली थी और ना ही गांव में कोई साधन था लेकिन आज बजट का पैसा बिहार के विकास पर खर्च हो रहा है। वहीं कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने आई मंत्री शिला मंडल ने अपने संबोधन के दौरान एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि जिले के कोचस से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की चार यात्री बसों का परिचालन राजधानी के लिए शुरू किया गया है और जल्द हीं राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्र से राजधानी पटना के लिए सीधी बस सेवा चलाई जायेगी। इसके साथ हीं कार्यकर्ता सम्मेलन को कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार कुशवाहा, पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह, पूर्व विधायक डॉक्टर अशोक कुमार, महाबली सिंह, श्याम बिहारी राम, नागेंद्र चंद्रवंशी, राजकिशोर प्रसाद, महाबली सिंह आदि ने भी संबोधित किया। उल्लेखनीय है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सासाराम में आयोजित जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन ने पार्टी की मजबूती के लिए किये जा रहे प्रयासों की पोल खोल दी है। जदयू के कार्यकर्ता सम्मेलन में पड़ी खाली कुर्सियां एवं खाने के स्टॉल पर फैली कुव्यवस्था इस बात का प्रमाण है कि पिछले विधानसभा चुनाव से पार्टी के पदाधिकारी सहित जिले के जनप्रतिनिधियों ने कोई सबक नहीं लिया। हालांकि कार्यकर्ता सम्मेलन के शुरुआत में कुर्सियां भरी दिखाई पड़ी लेकिन चंद मिनटों में ही धीरे-धीरे कुर्सियां खाली होने लगी और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार के संबोधन के दौरान आधी से अधिक कुर्सियां खाली हो गई। कार्यकर्ताओं के खाने के लिए बनाए गए स्टॉल पर भी भारी कुव्यवस्था देखी गई तथा महिला व पुरुष एक हीं स्टॉल पर खाने की प्लेट के लिए धक्के खाते दिखाई पड़े।कार्यक्रम के दौरान निर्मल सिंह कुशवाहा, अमरेश चौधरी, अरुणा सिंह, ओम प्रकाश सिंह, सेतू बिंदा चंद्रवंशी, सविता नटराज, अनिल सिंह, सुनील कुमार, अलख निरंजन, अशोक पटेल, राजेश सोनकर, सिकंजय सिंह, विनोद कुशवाहा, पप्पू सोनी, मुज्तबा अहमद, कमरुद्दीन फारूकी, राज सोनी, विजय चौधरी मोहम्मद इरशाद सहित हजारों की संख्या में कार्यकता उपस्थित थे।

## बिजली की शिकायतों के निष्पादन के लिए 9 से पंचायतों में लगेगा कैंप एसडीओ

**निज संवाददाता | विक्रमगंज (रोहतास)**

बिजली संबंधी शिकायतों के निष्पादन के लिए 9 से 14 दिसंबर तक पंचायत स्तर पर कैंप लगेगा। उक्त शिविर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर, बिजली आपूर्ति, बिल में सुधार, नया कनेक्शन, कृषि कनेक्शन, खराब मीटर, गलत बिल आदि से सम्बंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि बिजली कंपनी के हेल्प लाइन नंबर 1912 एवं अन्य माध्यमों से बिलिंग और मीटर खराब होने की लगातार शिकायत मिल रही है। इस समस्या के निदान के लिए कैंप लगाकर समस्या का निष्पादन करने का निर्णय लिया गया। बताते चलें की उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र में त्रुटि मुख्यतः गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से होती है, जिससे की उपभोक्ता चाहकर भी विपत्र का भुगतान नहीं कर पाते हैं। कैम्प में प्राप्त शिकायत के संबंध में यह प्रयास रहेगा कि स्थल पर ही अधिकाधिक नियमानुसार सुधार कर दिया जाय। जो उपभोक्ताओं का सुधार कैम्प स्थल पर संभव नही है उनका विपत्र निरीक्षण के पश्चात अधिकतम सात दिनों के अंदर सुधार करते हुए सुधारा गया विपत्र उपभोक्ता को हस्तगत करा दिया जाएगा। उक्त शिविर मे विद्युत विभाग के कर्मी, बिलिंग एजेंसी के मीटर रीडर, ई वॉलेट अथवा मनी रसीद के साथ उपलब्ध रहेंगे एवं उपभोक्ताओं से भुगतान भी प्राप्त करेंगे। जो व्यक्ति अभी तक कृषि कार्य हेतु या घरेलु कनेक्शन नही लिए हैं वह आवश्यक कागजात के साथ शिविर में उपस्थित हों, उन्हें नया कनेक्शन प्रदान करने हेतु अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

» कैम्प में प्राप्त शिकायत के संबंध में यह प्रयास रहेगा कि स्थल पर ही अधिकाधिक नियमानुसार सुधार कर दिया जाय।

## अनियंत्रित कार ने स्कूल वैन को मारी टक्कर

**निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)**

आरा-मोहनिया राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे एक बड़ा हादसा हुआ। इंदौर गांव के पास एक अनियंत्रित कार ने सड़क पार कर रही स्कूल वैन को जोरदार टक्कर मार दी। वैन में सवार तोड़ा गांव के मनोज पांडेय का आठ वर्षीय बेटा मोहित कुमार, जो स्कूल जाने के लिए निकला था, इस दुर्घटना में बाल-बाल बचा। घटना के समय वैन चालक सड़क पार करने का प्रयास कर रहा था, तभी पूरब दिशा से पश्चिम की ओर तेज गति से आ रही कार ने वैन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वैन में सवार बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। 112 की पुलिस और स्थानीय थाना की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

## निः शुल्क शिक्षण संस्थान का मना 18वां स्थापना दिवस

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

जिले के एकमात्र निःशुल्क शिक्षण संस्थान महावीर क्विज टेस्ट सेंटर ने अपना 18वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में रोहतास जिलाधिकारी उदिता सिंह उपस्थित हुईं। जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी के साथ-साथ अन्य अतिथि के रूप में एडीएम रोहतास चंद्रशेखर सिंह, डीटीओ रामबाबू, डीसीएलआर मनीष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय समेत जिले के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने बच्चों को मोटिवेट किया। इसके साथ ही जिले में चल रहे इस प्रकार के संस्था की जमकर तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि मुझे देख कर खुशी हुई कि हमारे जिले में इस प्रकार का काम चल रहा है। इसके साथ उन्होंने बच्चों को मोटिवेट भी किया। बता दें कि, संस्था द्वारा प्रत्येक साल स्थापना दिवस से पूर्व एक निःशुल्क ओपन टेस्ट का आयोजन किया जाता है। मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया।

# स्वर्गीय विधायक की पुण्यतिथि पर कई दिग्गज नेता पुष्पांजलि की अर्पित

**निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)**



प्रखंड के हरिदासपुर गांव में स्वर्गीय पूर्व विधायक शिवपूजन सिंह की साप्ताहिक पुण्यतिथि एवं किसान सम्मेलन शनिवार को आयोजित की गई जिसमे उनके पैतृक गांव मे कई दिग्गज नेताओं ने उनके छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किसान सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश प्रसाद व संचालन अधिवक्ता शिव जी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय संयोजक प्रो.योगेन्द्र यादव, मुख्य वक्ता, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उमाशंकर सुधांशु, मुख्य अतिथि, समाजवादी लेखक, चन्द्रजीत सिंह, सांसद सुधाकर सिंह, दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल, अशोक कुमार पाण्डेय, दिनेश सिंह, पूर्व प्रत्याशी उदय प्रताप सिंह, भोलानाथ सिंह, सुग्रीव प्रसाद सिंह ने स्वर्गीय विधायक के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन मे योगेन्द्र यादव ने कहा कि किसान नेता साथी शिवपूजन सिंह जे.पी. आन्दोलन के फलस्वरूप 1977 ई.में गठित बिहार विधान सभा के एक चर्चित एवं लोकप्रिय सदस्य थे। वे अपनी ही सरकार की गलत नीतियों व वादाखिलाफी के विरोध में विधान सभा और जनता पार्टी की सदस्यता से इस्तीफ़ा दे दिया था। उसी समय से उन्होंने मुख्य धारा की राजनीति से दूरी बना ली थी। अपने राजनीतिक गुरू किशन पटनायक की प्रेरणा से व्यवस्था परिवर्तन व वैकल्पिक राजनीति की तलाश में सादगी और ईमानदारी के साथ पूरी जिन्दगी संघर्ष किया। यही उनकी राजनीतिक पूंजी एवं पहचान थी। दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि स्व विधायक शिवपूजन सिंह सच्चा और ईमानदार नेता थे। जो जनता पार्टी से अलग होने के बाद वे समता संगठन, किसान-मजदूर आन्दोलन, सजप, जन आन्दोलनों के राष्ट्रीय समन्वय, आम आदमी पार्टी व स्वराज अभियान के बाद जय किसान आंदोलन, स्वराज इंडिया के साथ रहकर, भ्रष्टाचार, महंगाई, शिक्षा, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली, सड़क, पुलिस-जुल्म, नारी उत्पीड़न, तिलक -दहेज, शोषण, अन्याय व किसानों की समस्याओं सहित तमाम महत्वपूर्ण मुद्दो को लेकर आन्दोलन करते हुए करीब 9-10 बार जेल भी गये थे। सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि शिवपूजन सिंह गम्भीर बीमारी के कारण विगत 30 नवम्बर, 2023 को उनका निधन हो गया। हम सबको भारत के किसान के भविष्य की दशा और दिशा के बारे में सोचना और मुझे विश्वास है कि यह समाजवादी भवन जब शिवपूजन बाबू के नाम पर बन जाए तो एक संस्था का स्वरूप भी ले लेगा ऐसी मेरी उम्मीद है। उस भवन में उस संस्था में बैठकर हम सब सवालों पर विचार करेंगे और शिव पूजन की स्मृति को उनकी विरासत को याद करेंगे। पूर्व प्राचार्य भगवान सिंह, रविंद्र कुमार सिन्हा, डां उषा सिंह, जानकी भगत, रामनाथ सिंह,विभा देवी, मथुरा सिंह, आशुतोष कुमार, पूर्व मुखिया राजेंद्र सिंह, मुखिया राजेश यादव, कृष्णानंद सिंह, रामप्रवेश कुशवाहा बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# मृदुल स्वभाव व व्यक्तित्व के धनी पूर्व प्रधानाध्यापक : राजेश गुप्ता

**निज संवाददाता | करगहर (रोहतास)**

स्थानीय करगहर बाजार में शनिवार को पूर्व प्रधानाध्यापक स्व. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के श्राद्ध कर्म में जनप्रतिनिधि समाजसेवी व शिक्षाविदो् ने उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर सासाराम विधायक राजेश गुप्ता ने उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि स्व. राजेन्द्र गुप्ता मृदूल व व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। उनके निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने अपना पूरा जीवन शिक्षा को समर्पित कर दिया था। वहीं मौके पर मौजूद भाकपा के पूर्व प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने भी उनके द्वारा किए गए कर्तव्यों व समाजसेवा को सराहा। जहां श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व. गुप्ता सभी को अपना परिवार समझते थे। अपने जीवन काल में उन्होंने बच्चों को शिक्षा देने के लिए वचनबद्ध थे। जहां पूर्व प्रधानाध्यापक के तौर पर शिक्षा के प्रति उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। श्राद्ध कर्म में दिन भर राजनीतिक, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों व शिक्षाविदों् का माल्यार्पण करने के लिए तांता लगा रहा। वहीं मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मिश्रा, पत्रकार सुरेन्द्र तिवारी, पत्रकार रवि रंजन वर्मा, पत्रकार बच्चा सिंह, सत्यम पटेल, प्रखर वक्ता धनंजय पांडेय उर्फ टाईगर बाबा, बीडीसी प्रतिनिधि रविरंजन सिंह, पूर्व मुखिया विनोद सिंह , उमाशंकर गुप्ता कोचस, विजय पांडेय, इंद्रजीत गुप्ता, धर्मवीर सोनी, कपिल सोनी, जगनारायण प्रसाद गुप्ता उर्फ कन्नी साह, फेकू सेठ, श्री राम गुप्ता, गोपाल प्रसाद गुप्ता सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### जमीनी विवाद में मारपीट में पांच लोग हुए घायल

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** शनिवार को थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों में रोशन पासवान, पिंटू पासवान, सुरेंद्र पासवान, सोमनाथ पासवान तथा कृष्णा पासवान शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दो पक्षों मे जबरन जमीन कब्जा करने को लेकर तु तु मै मै शुरू होते ही बात लाठी डंडों के साथ मारपीट तक पहुंच गई, जहां मार पीट के दौरान एक पक्ष पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को परिजनों ने उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सक डॉक्टर तुषार कुमार ने सभी का सर फटने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर कर दिया है। वही प्रभारी थाना अध्यक्ष विजय कुमार बैठा ने बताया कि सुरेंद्र पासवान के द्वारा अपने विरोधी जंग बहादुर एवं शिवमुनि पासवान सहित अन्य लोगों पर थाने में लिखित आवेदन दे प्राथमिकी दर्ज कराई है जहां पुलिस आवेदन ले मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

## महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 100 वीं वर्षगांठ

**निज संवाददाता | वारिसलीगंज (रोहतास)**




नगर परिषद मुख्यालय स्थित महिला महाविद्यालय की ओर से शनिवार की सुबह भारत की सबसे दूरदर्शी, धर्म परायण तथा सफल महिला शासकों में से एक 18 वीं शताब्दी की मालवा की महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 100 वीं वर्षगांठ पर प्रभात फेरी निकाली गई। महिला महाविद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। महिला कॉलेज से चंदन सिंह चौक होते हुए थाना चौक से पुनः महिला कॉलेज में कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो। (डॉ।) अशोक कुमार सिंह, प्रो। बृजबिहारी प्रसाद सिंह, प्रो। (डा।) रविन्द्र कुमार रवि, प्रो। संगीता रानी, प्रो। डा। रीता कुमारी, प्रो। शारदा सिन्हा, प्रो। अनिल कुमार, प्रो। अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो। अंजनी कुमार पप्पू, विकास कुमार, नीतीश कुमार, शान्ति कुमारी, अरुण कुमार, छात्रा मनाली, खुशी, लीजा, आरती, खुशबू, प्रीति, प्रेमलता, पूजा आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जनता दरबार में आए 9 मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी एवं प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार एवं राजस्व कर्मचारी चन्दन कुमार भी मौजूद रहे। सीओ ने बताया कि अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से जमीन से संबंधित विवाद के 9 मामले जनता दरबार में पहुंचे थे। जनता दरबार में आये सभी 9 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया है। इस बार जनता दरबार में मंगोडीह गांव निवासी रविंद्र कुमार का विवाद लखन यादव, चितरकोली गांव निवासी मंती देवी का विवाद अमरजीत तुरिया, गागनखुर्द गांव निवासी प्यारे यादव का विवाद चमेलवा देवी, मोहकामा गांव निवासी मुन्ना यादव का विवाद विनोद यादव, महसई मोहल्ला निवासी मो. मुस्लिम का विवाद जितेंद्र कुमार, गैरिबा गांव निवासी अवधेश कुमार सिंह का विवाद दिनेश प्रसाद, दोपटा गांव निवासी शिवशंकर प्रसाद का विवाद जीतो यादव, हीरोडीह गांव निवासी चांदो दास का विवाद कलावती देवी एवं चौथा गांव निवासी संतोष कुमार का विवाद सतीश कुमार के साथ था। उक्त सभी 9 मामलों में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में मामला ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है। प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया। जिसमें रैयती भूमि से सम्बंधित विवादों को निराकरण किया गया। साथ ही आमलोगों से अपील किया गया कि वे जमीन से सम्बंधित विवाद को लेकर आपस मे झगड़ा न करें, बल्कि थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं। इस मौके पर पुलिस बल एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# 2200 बोतल शराब लदा पिकअप जब्त, दो गिरफ्तार

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



अनुमण्डल क्षेत्र के रजौली थाना क्षेत्र स्थित समेकित जांच चौकी पर एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने दो अलग-अलग बसों से विदेशी शराब के साथ सफर कर रहे दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार-झारखण्ड सीमावर्ती क्षेत्र में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी व बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। रजौली समेकित जांच चौकी से बिहार प्रवेश करने वाली दो अलग-अलग बसों से विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज पटना जिले के दनियावां थाना क्षेत्र के होरील बिगहा गांव निवासी अरबिंद प्रसाद के पुत्र राजीव कुमार के पास से 750 एमएल के ब्लैक बकार्डी नामक 4 बोतल शराब बरामद किया गया। वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाज झारखण्ड के हजारीबाग जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डेमटांड़ गांव निवासी नारायण यादव के पुत्र अभय कुमार यादव के पास से 375 एमएल के रॉयल चैलेंज नामक 20 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया है। जब्त शराब को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों गिरफ्तार लोगों को शनिवार को जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर गोविंदपुर जांच चौकी के रास्ते शनिवार की सुबह 7 बजे पिकअप द्वारा भारी मात्रा में शराब की खेंप आने की गुप्त सूचना मिली। उक्त सूचना गोविंदपुर थानाध्यक्ष एसआई सुबोध कुमार पासवान को भी थी। जिसको लेकर गोविंदपुर थानाध्यक्ष व मद्य निषेध जांच चौकी गोविंदपुर के प्रभारी पदाधिकारी एएसआई तारकेश्वर पांडे सहायक अपने दल के साथ संयुक्त रूप से वाहन जांच करने लगे। इसी क्रम में सुबह 9.00 बजे करीब बनियाडीह ईंट भट्ठा के समीप एक बोलेरो पिकअप निबंधन संख्या जेएच01एफजी5502 आता दिखा, जिसे रुकने का ईशारा करने पर इसका चालक व उसके साथ सहयोगी शराब तस्कर दोनों गाड़ी रोक कर उतरकर खेत में भागने लगे। बलों द्वारा भाग रहे चालक व उसके सहयोगी को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। पिकअप को चेक करने पर इसमें तिरपाल के नीचे छुपा कर रखे गए बोरों में झारखंड राज्य निर्मित देसी शराब ब्रांड टंच देशी शराब का 88 कार्टून बरामद किया गया। प्रत्येक कॉर्टन में 300 एमएल का 25 बोतल, कुल 2200 बोतल को बरामद किया गया।कुल बरामद देसी शराब की मात्रा 660 लीटर है। वहीं चालक-सह-तस्कर पटना जिले के खुसरूपुर थाना क्षेत्र के मंसूरपुर डीह गांव निवासी श्याम बाबू सिंह के पुत्र प्रेमचंद कुमार एवं सहयोगी खलासी सह तस्कर सलेमपुर थाना क्षेत्र के सम्मतपुर गांव निवासी चंद्रशेखर यादव के पुत्र मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान बताया कि झारखण्ड के रामगढ़ निवासी डूमर साहू के पुत्र संजय कुमार के द्वारा इन्हें पिकअप देकर पटना के फतुहा पहुंचने के लिए बोला गया था। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत चेकपोस्ट प्रभारी पदाधिकारी तारकेश्वर पांडेय द्वारा गोविंदपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद दोनों गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।

## मुसहर बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा केंद्रों की नई पहल, समाज में बदलाव की ओर बड़ा कदम

**निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)**




प्रखंड में करंज पंचायत के सरना मुसहर टोली में शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की गई। मुसहर जाति के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निःशुल्क शिक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) कुलदीप कुमार विभूति, पंचायत मुखिया सीमा देवी और मुसहर जाति कल्याण सेवा संघ के अध्यक्ष रमेश राम मुसहर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'शिक्षा सभी का अधिकार है। बच्चों को जाति और धर्म से ऊपर उठकर पढ़ाई का समान अवसर मिलना चाहिए। शिक्षा से ही एक बच्चा अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है और समाज व देश की प्रगति में योगदान दे सकता है।' पंचायत मुखिया सीमा देवी ने इस प्रयास को पूरे पंचायत के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि यह पहल बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ समाज में समानता और भाईचारे का संदेश भी देगी। उन्होंने इस कार्यक्रम में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं मुसहर जाति कल्याण सेवा संघ के अध्यक्ष रमेश राम मुसहर ने जानकारी दी कि दिनारा प्रखंड में कुल पांच निःशुल्क शिक्षा केंद्र खोले गए हैं। जिसमें सरना मुसहर टोली में दो केंद्र, पचौली में एक केंद्र, दिनारा डोम टोली में एक केंद्र और रेहीं सरना में एक केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों का उद्देश्य मुसहर जाति के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। यह पहल मुसहर समुदाय के बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नई आशा और उत्साह लेकर आई है। कार्यक्रम के दौरान कई बच्चों और उनके माता-पिता ने इस पहल को समाज में बदलाव लाने वाला कदम बताया। 'शिक्षा का यह दीपक हर बच्चे के जीवन में उजाला फैलाएगा और समाज को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगा,' बीडीओ कुलदीप कुमार विभूति ने अपने संबोधन में कहा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हर रोग के लिए फिजियोथैरेपी है कारगर : सीएस

**आरा।** सदर अस्पताल आरा के बाह्य कक्ष परिसर के रूम नंबर 24 में फिजियोथैरेपी केंद्र का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। यह केंद्र एनसीडीओ डॉ प्रवीण कुमार सिन्हा प्रयास एवं राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर खोला गया है। उद्घाटन के पश्चात सदर अस्पताल के सभागार में स्लाइड प्रेजेंटेशन के द्वारा फिजियोथैरेपी के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि अभी सदर अस्पताल में फिजियोथैरेपी विधि से फायदा लेने वाले रोगियों की संख्या काफी बढ़ रही है और अब हर तरह के रोगी को फिजियोथेरेपी के द्वारा ठीक किया जा रहा है। जोड़ के दर्द, लकवा के साथ-साथ कैंसर में भी इस विधि से फायदा है। जिला अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ केएन सिन्हा ने कहा कि आज के युग में फिजियोथैरेपी के द्वारा चिकित्सा का महत्व काफी ज्यादा है। यह पद्धति मेडिसिन और हड्डी रोग में ही नहीं बल्कि अन्य रोगों में भी काफी कारगर सिद्ध हो रहा है। दवा के साइड इफेक्ट को कम करने के लिए और जल्दी आराम के लिए फिजियोथेरेपी,जोड़ और नसों के दर्द में एवं अन्य कई रोगों में कारगर सिद्ध हो रहा है। फिजिशियन, ऑर्थोपिडिशियन के साथ-साथ अन्य विद्या के लोग भी इसका प्रयोग कर रोग में फायदा पहुंचा रहे हैं। एनसीडीओ डॉ प्रवीण कुमार सिन्हा ने कहा कि सदर अस्पताल में फिजियोथेरेपी के हर तरह के उपकरण आ गए हैं जिससे अच्छे तरीके से मरीजों को फायदा पहुंचाया जायेगा। धन्यवाद ज्ञापन डीपीएम डॉ रवि ने किया। मौके पर जिला टीकाकरण पदाधिकारी डॉ संजय कुमार श्रीवास्तव, सीडीओ डॉ ए अहमद, डॉ प्रतीक, डॉ राजीव कुमार व डीएएम अश्विनी कुमार समेत कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### फल व सब्जियों की खेती के लिए किया प्रेरित

**आरा।** बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को लेकर पोषण वाटिका आंगन बाड़ी में बनाये गए है। कृषि विज्ञान केंद्र पोषण वाटिका में हीं फल व सब्जियों को उगाने के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रेरित कर रहा है। इसके लिए शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण भी दिया गया। यह प्रशिक्षण महिला एवं बाल विकास कल्याण परियोजना से जुड़ी आंगनबाड़ी को दिया गया। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते कृषि विज्ञान केंद्र भोजपुर के हेड डॉ प्रवीण कुमार द्विवेदी ने कहा कि भोजन में जिंक की कमी के कारण ज्यादातर नवजात शिशुओं की मृत्यु हो रही है और जो बच्चे बच जा रहे हैं उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास बाधित हो रहा है। कैलशियम की कमी से हड्डियां कमजोर हो रही है, आगे चल कर घुटने बदलने की समस्या लोगों के सामने आ रही है। इन सब का समाधान यह है कि हम एक स्वस्थ भोजन अपने खेतों में पैदा करें और इसके लिए अपने मिट्टियों की जांच करा करके पौधों को आवश्यक पोषक तत्व, जैसे पोटाश, जिंक, बोरों, गंधक, लोहा, कैलशियम का संतुलित प्रयोग करें। जिससे पौष्टिक भोजन खेतों में पैदा होगा और हमारी आने वाली पीढ़ी स्वस्थ रहेगी। अभी हम अपने आय का लगभग 38% स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यय कर रहे हैं। इसके लिए जागरूकता जरूरी है। पोषण वाटिका में हीं फल व सब्जियों को प्रचूर मात्र में उगाये एवं लोगों को भी प्रेरित करें, ज्यादा जैविक रखने का भी प्रयास किया जाए।

### कपड़ा दुकानदार से फर्जी ट्रांजैक्शन कर 2500 की ठगी

**बक्सर।** बक्सर के पुराना भोजपुर के एक कपड़ा दुकान में फोन-पे के क्लोन ऐप से 2500 रुपए का फर्जी ट्रांजैक्शन कर ठगी का मामला सामने आया है। पुराना भोजपुर के रिया गारमेंट्स नाम के कपड़े की दुकान पर तीन युवक कपड़ा लेने पहुंचे। तीनों ने तीन जैकेट की खरीदारी की। पैसे देने के नाम पर फर्जी क्लोन ऐप से बार कोड को स्कैन किया और फर्जी ट्रांजेक्शन कर फरार हो गए। फर्जी ट्रांजैक्शन के बाद दुकानदार बाहर निकले। घटना को अंजाम देकर साइबर ठग फरार हो गए है। पीड़ित दुकानदार गिरधारी केशरी उर्फ मुकेश प्रसाद केशरी ने डायल-112 को फोन किया। मौके पर पहुंची डायल-112 की पुलिस ने सीसीटीवी वीडियो को खंगाला, जिसमें तीनों साइबर ठग सामने दिख रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस साइबर ठगों की शिनाख्त करने में जुटी हुई है। बता दें कि जिले में यूपीआई पेमेंट्स के क्लोन ऐप से कई साइबर अपराधिक गतिविधियों को पहले भी अंजाम दे चुके हैं। इसमें पैसे का ट्रांजेक्शन भी पूरा हो जाता हैं, लेकिन रिसीवर को पैसे प्राप्त ही नहीं होते हैं।

### चौसा नगर पंचायत में अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**बक्सर।** बक्सर के चौसा नगर पंचायत प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का काम शुरू कर दिया है। शुक्रवार को अखौरीपुर गोला तिराहा पर जिला प्रशासन ने बुलडोजर से अतिक्रमण को हटाया। चौसा सीओ और नगर पंचायत के ईओ शुभम कुमार जेसीबी और भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। प्रशासन की इस करवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में सभी दुकानदार काउंटर को हटाने में लग गए। बता दे कि बक्सर-रोहतास और बक्सर-मोहनिया स्टेट हाइवे को जोड़ने वाला अखौरीपुर गोला तिराहा काफी दिनों से अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या से जूझ रहा था। इसके पहले चौसा सीओ ने एक साल पहले भी बुलडोजर चला कर अतिक्रमण हटाया था। ईओ शुभम कुमार ने कहा कि सड़क किनारे किए गए अस्थाई अतिक्रमण करने वालों को नोटिस के साथ सूचना दिया गया था। सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान शुरू किया गया है। जो आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान चौसा सीओ के साथ नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मी मुफस्सिल थाना अध्यक्ष सिंह के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ भारी संख्या पुलिस मौजूद रहे।

### आशा कार्यकर्ताओं ने सीएस कार्यालय का किया घेराव

**बक्सर।** बक्सर में आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ ने अपनी मांगों के समर्थन में सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव कर जमकर नारे बाजी की। आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिहार सरकार शोषण करना बंद करे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। 8वीं पास आशा कार्यकर्ता सर्वेक्षण तो कर सकती हैं, लेकिन लॉगिन जैसे तकनीकी कार्यों में सक्षम नहीं है। इसके बावजूद जिला स्वास्थ्य समितियों की ओर से काम करने का दबाव बनाया जा रहा है। मौके पर मौजूद जिला संयोजक अरुण कुमार ओझा ने कहा कि लाभार्थियों को उप-केंद्र तक पहुंचाने का कार्य आशा कार्यकर्ताओं का दायित्व होना चाहिए। डेटा लॉगिन का कार्य वहीं नियुक्त ऑपरेटर से कराया जाना चाहिए। साथ ही मानदेय का भुगतान अभी तक लंबित है। उन्होंने सरकार पर मौन साधने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर प्रदर्शन के बाद भी मांगें पूरी नहीं होती है तो हड़ताल किया जाएगा। आशा मीरा देवी ने कहा कि उन लोगों की बहाली 5वीं और 8वीं पास के आधार पर हुई थी। अब मोबाइल थमा कर बोला जा रहा है कि आयुष्मान कार्ड बनाओ। इसके साथ ही आभा कार्ड सर्वे आदि का काम भी थोपा जा रहा है।

### 40 लाख से बन रही विधि प्रयोगशाला

**आरा।** भोजपुर जिले में 40 लाख की लागत से विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कराया जा रहा है। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लिमिटेड के द्वारा न्यू पुलिस लाइन, आरा में 1100 स्क्वायर फीट में दो मंजिला विधि विज्ञान प्रयोगशाला बनाया जा रहा है। 31 मार्च 2025 तक कार्य को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भोजपुर पुलिस इस प्रयोगशाला का निर्माण वारदातों की गुत्थी को सुलझाने के लिए करा रहा है। ताकि अपराधों से जुड़े साक्ष्यों का विश्लेषण आसानी से किया जा सके। इस प्रयोगशाला में बालों के रोम, डीएनए, दवाएं, शारीरिक द्रव, फाइबर, बुलेट केसिंग, फिंगर प्रिंट, टायर ट्रैक और पैरों के निशान जैसे साक्ष्यों की जांच की जाएगी। अभी वर्तमान में उपरोक्त विषयों की जांचों के लिए सैंपल को पटना भेजा जाता है। पटना से एफएसएल की टीम आने और घटना स्थल से साक्ष्य को लेकर पटना जाने, जांच कर रिपोर्ट भेजने में काफी समय लग जाता है। अधिक समय लगने से घटना स्थल से साक्ष्य मिटने का डर लगा रहता है। प्रयोगशाला का जिले में निर्माण होने से भोजपुर पुलिस को कांड के उद्भेदन करने और साक्ष्य की जांच करने में काफी हद तक मदद मिलेगा और समय की बचत होगी। दो मंजिला भवन में होगी सारी सुविधाएं बिहार पुलिस भवन निगम लिमिटेड के कनीय अभियंता अनुज कुमार ने बताया कि न्यू पुलिस लाइन,आरा में 40 लाख रुपए की लागत से विज्ञान प्रयोगशाला का भवन निर्माण कराया जा रहा है। 1100 स्क्वायर फीट में भवन बनकर तैयार होगा। इसके लिए जमीन का सर्वे और अधिग्रहण का कार्य पूरा कर लिया गया है। यह भवन दो मंजिला होगा।

# प्राइवेट कंपनी में काम करने जा रहे इलेक्ट्रिशियन की मौत

निज संवाददाता। आरा



- ♦ आरा में मामा के साथ बक्सर जा रहा था, गेट के पास से अनबैलेंस होकर गिरा था
- ♦ घटना के बाद में तक के घर में कोहराम मच गया

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बनाही और रघुनाथपुर स्टेशन के बीच पटना-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक इलेक्ट्रिशियन की मौत हो गई। दूसरे दिन शनिवार को शव की पहचान हुई थी। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव वार्ड नंबर 5 निवासी जितेंद्र कुमार सिंह का 28 वर्षीय बेटे रविकांत सिंह हैं। वह पेशे से बिजली मिस्त्री था। मृतक रविकांत के पिता जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वह पटना जंक्शन से पटना-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होकर अपने मामा के साथ बक्सर स्थित प्राइवेट कंपनी में इलेक्ट्रिशियन का काम करने जा रहा था। इसी बीच बनाही और रघुनाथपुर स्टेशन के बीच वह गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ देर बीत जाने के बाद जब उसके मामा को इसकी जानकारी मिली कि उसका भागना ट्रेन से गिर पड़ा है तो उन्होंने इसकी सूचना बक्सर स्थित निजी कंपनी को दी। इसके बाद कंपनी द्वारा इसकी सूचना फोन कर उसके पत्नी को दी गई। उसके बाद उसने इसकी सूचना परिवार के अन्य सदस्यों को दी। सूचना पाकर परिजन बनाही पहुंचे। इसके बाद रेल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो बहन व दो भाई में बड़ा था।उसकी शादी वर्ष 2022 में हुई थी। हालांकि शादी के बाद उसे कोई संतान नहीं है। उसके परिवार में मां रामशिला देवी,पत्नी सीमा देवी व दो बहन एवं एक भाई है। घटना के बाद में तक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां रामशिला देवी,पत्नी सीमा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर का बुरा हाल है।

## दुल्हन के भाई को गोली मारने के मामले में FIR

निज संवाददाता। आरा



- ♦ डांस के दौरान नर्तकियों से अभद्र व्यवहार, फायरिंग का किया था विरोध, 7 पर मामला दर्ज

भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव में बारात में नाच के दौरान दुल्हन के फौजी भाई राजेश कुमार को गोली मारे जाने के मामले में प्राथमिकी हुई है। घायल के बयान पर हुई प्राथमिकी में सकड्डी गांव निवासी सरोज यादव, प्रेम यादव, गौरव यादव, बीरबल यादव, मो.शोएब , कुल्हड़िया निवासी रामाशंकर यादव एवं आरा निवासी अनुज कुमार को नामजद एवं पांच अज्ञात को आरोपित किया गया है। मुख्य रूप से गोली चलाने का आरोप सकड्डी गांव के सरोज यादव व आरा के अनुज कुमार पर है। आरोपितों में पांच लड़के सकड्डी गांव के , एक लड़का कुल्हड़िया गांव का एवं एक लड़का आरा का बताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मालूम हो कि सकड्डी निवासी अर्जुन शर्मा की पुत्री काजल की बारात बुधवार की रात पटना जिले के मनेर गांव निवासी मिथिलेश शर्मा के यहां से आई थी। शादी समारोह में बारातियों के मनोरंजन के लिए जनवासे में नर्तकियों का नाच कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस बीच गांव के बारह लड़के हथियार लेकर शामियाना में घुस गए थे और फायरिंग करने लगे थे। नर्तकियों के साथ-साथ पटना से आए बारातियों से दुर्व्यवहार कर रहे थे। बाद में सूचना मिलने पर दुल्हन के फौजी भाई राजेश समेत अन्य लोग शामियाना में गए थे। वे समझा ही रहे थे ,तभी हथियार बंद तत्वों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली उनके हाथ पर जा लगी थी। घायल ने आरोपियों पर जनवासे में घुसकर नर्तकियों व बारातियों दोनों के साथ दुर्व्यवहार करने।बाद में विरोध करने पर गोली मारे जाने का आरोप है।

## 500 रुपए को लेकर मारपीट में 4 जख्मी

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के मोखालिसा गांव में शुक्रवार को खेत पटवन के बकाए पांच सौ रुपए को लेकर पिता–पुत्र समेत चार लोगों की पट्टीदारों ने लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया। परिजनों ने जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया। घटना में जख्मियों में मोखालिसा गांव निवासी हरी लाल यादव (50), योगेंद्र यादव (18), भतीजा जय शिव शंकर (18) समेत चार लोग शामिल है। योगेंद्र यादव ने बताया कि बीस दिन पहले उसने डेढ़ बिगहा खेत पटाया था। खेत पटवन करने में एक हजार रुपया खर्च हुआ है। जिसमें उसने पांच सौ रुपया दे दिया था और पांच सौ रुपया बाकी था। उनके पट्टीदारों ने अपना बकाया पैसा मांगने उसके घर आए। जब उसने कहा कि मैं बाकी पैसा शाम में दे दूंगा तो वह कहने लगा कि नहीं मुझे अभी चाहिए। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। इसके बाद उक्त लोगों ने चार लोगों की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी योगेंद्र यादव ने गांव के ही पारस,राकेश,भोला और निरंजन नामक व्यक्ति पर खेत पटवन के बकाये पांच सौ रुपए के विवाद को लेकर तीनो लोगों को लाठी-डंडे एवं लोहे के रॉड से मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## भोजपुर में अपराध का षड्यंत्र रचते हुए 2 बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



- ♦ मोबाइल, पिस्टल के साथ शराब बरामद, मौके से एक साथी फरार

नवादा थाना क्षेत्र के जगदेवनगर मोहल्ला में अपराध का षड्यंत्र रच रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से एक देसी पिस्टल, तीन मैग्जीन, आठ कारतूस, छीना गया सात मोबाइल के अलावा दो शराब का बोतल बरामद किया गया है। मौके से एक अपराधी भाग निकला। मामले की जानकारी देते हुए एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार हुआ अपराधी संदेश थाना के कोरी बरतियर गांव निवासी सूरज कुमार भगत और चरपोखरी थाना के कोयल गांव निवासी सत्यम कुमार है। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी की गई है। गैंग का मुख्य पेशा छिनतई एवं दहशत पैदा करना है।

**किराए के मकान में रच रहे थे षड़यंत्रः** उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जगदेवनगर गली निवासी सात निवासी संजय राय के मकान में किराएदार के रूप में रह रहे तीन बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए षड्यंत्र रच रहे हैं। इसके बाद थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी व दारोगा दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान सूरज कुमार व सत्यम कुमार को धर दबोचा गया। जबकि, नीरंजन कुमार भाग निकला। तलाशी के दौरान एक देसी पिस्टल, तीन मैग्जीन, आठ कारतूस, सात छीना गया मोबाइल व शराब का दो बोतल बरामद किया गया। नीरंजन का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया सूरज छीने गए मोबाइल का लॉक तोड़ने का मास्टर है। बरामद मोबाइल सेट के ओनर का पता लगाया जा रहा है। गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों को पूर्व में भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अपराध नियंत्रण के मद्देनजर जगदेवनगर व विष्णुनगर इलाके में सक्रिय बदमाशों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## किसानों-MP ने केंद्रीय ऊर्जा सचिव को सौंपा ज्ञापन

निज संवाददाता। बक्सर



- ♦ सचिव ने सांसद सुधाकर सिंह से कहा- पाइपलाइन एलाइनमेंट को बदलकर मांग के किया अनुरूप

बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह और किसान नेता सुरेंद्र सिंह ने भारत सरकार के ऊर्जा सचिव से मुलाकात की। उर्जा सचिव ने सांसद सुधाकर सिंह को बताया कि रेल और पाइपलाइन एलाइनमेंट को बदलकर किसानों और सांसद की मांगों के अनुरूप कर दिया गया है। अब इसमें कम से कम जमीन का भूमि अधिग्रहण होगा। जिसको लेकर थर्मल पॉवर प्रभावित किसानों ने खुशी को लहर है। किसान मुन्ना तिवारी ने कहा कि किसानों का संघर्ष और बलिदान रंग लाने लगा है। बक्सर में शुरू हुआ किसानों का आंदोलन अब धीरे-धीरे अपनी मंजिल की और अग्रसर होने लगा है।

**भ्रष्ट अफसरों के जेल जाने तक आंदोलन रहेगा जारीः** किसान ने कहा कि उन भ्रष्ट पुलिस प्रशासन को, जिन्होंने बृद्ध महिला पुरुष, बच्चों व आम किसानों को बेरहमी से पीटने के बाद अधमरा बनाया। उसके जेल जाने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। किसान आंदोलन में किसानों की मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रभारी दिनेश कुमार व किसान सभा के प्रदेश महासचिव अशोक प्रसाद सिंह और प्रभावित किसान मोर्चा के प्रमुख नेता सत्यनारायण तिवारी के साथ सुरेंद्र सिंह ने बक्सर सांसद सुधाकर सिंह और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रियों और अफसरों से मिलकर बक्सर के चौसा के प्रभावित किसानों से जुड़े सवालों पर ज्ञापन सौंपा है।

**सांसद को किसानों ने दिया धन्यवादः** बनारपुर के किसान सतेंद्र तिवारी ने कहा कि सांसद सुधाकर सिंह ने चलते सत्र में संसद भवन में स्थित केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर किसानों का पक्ष रखा और ज्ञापन सौंपा। बक्सर-मोहनिया एनएच रोड और बक्सर बाइपास में कई गांवों को भ्रष्ट अफसरों के दबाव में जानबूझकर निशाना बनाया गया है। ताकि गांव उजाड़ा जा सके। हम ऐसा नहीं होने देंगे और गलती से ऐसी भूल हुई तो स्थानीय किसानों, मजदूर, युवा और विपक्ष सड़कों पर उतर कर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। प्रभावित किसानों को पांच - पांच लाख रुपए अलग से तना उसके जद में आने वाले मजदूरों को साढ़े सात सौ दिनों की मंजदूरी दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री पूरी बात सुनने के बाद कहा कि किसी भी कीमत पर सड़क निर्माण में गांव को गुजरने नहीं दिया जाएगा और इसके एलाइनमेंट बदले जाएंगे।

## असामाजिक तत्वों ने धान की फसल में लगाई आग

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के मंगोलपुर निवासी किसान अनिल चौबे को असमाजिक तत्वों ने काफी नुकसान पहुंचाया है। काटकर कर रखी गई खेत में धान की फसल में आग लगा दिया गया। जिससे पांच बीघे को फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंची तो आग पर काबू तो पा लिया गया। लेकिन किसान के मेहनत से तैयार किया गया धान की फसल को बचा नहीं बच पाया। इस आग लगी से किसान अनिल चौबे को दो लाख से ऊपर का नुकसान बताया जा रहा है। इस घटना की सूचना पर पहुंच पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना इटाढ़ी थाना क्षेत्र के हंकीमपुर पंचायत स्थित खेत की है।

**पांच बीघे की फसल नष्टः** जहां पर मंगोलपुर निवासी अनिल चौबे ने बताया कि पांच बीघे की फसल काट कर खेत में इकट्ठा कर रखे हुए थे। फसल से धान निकालने की प्रक्रिया करने के बाद उसे मंडी में बेच कुछ कमाई करते। जब वो खेत से घर लौट गए तो कुछ असमाजिक तत्वों ने इसमें आग लग गई। आसपास के लोगों ने जब इसकी सूचना दी तो अनिल चौबे अपनी खेत की तरफ भागे। पहुंच कर देखा की इनकी फसल धूं-धूंकर जल गया था। अग्निशमन को सूचना दिया गया। जबतक अग्निशमन पहुंचता फसल जल चुकी थी। पीड़ित किसान इस घटना का अंजाम देने में अपने गांव के कुछ लोगों पर आशंका जता इटाढी थाना को आवेदन दिया है।

**जांच में जुटी पुलिसः** इटाढी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि किसान से मिले आवेदन के आधार पर पुलिस आगे की करवाई में जुटी हुई है। उन्होंने कुछ लोगों पर आशंका जताया गया है। जिनसे पुलिस अपने स्तर से जांच करेगी।

## भोजपुर में बदमाश के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

निज संवाददाता। आरा



शहर के एक प्रापर्टी डीलर से करीब दस लाख रुपए रंगदारी मांगे जाने और रंगदारी नहीं देने पर गोली मारने की धमकी दिए जाने के मामले में वांछित कुख्यात बेलाल मियां समेत पांच वांछित बदमाशों के घरों पर शुक्रवार को ढोल बजाकर इश्तेहार चस्पाया गया। सरेंडर नहीं करने पर कुर्की के लिए कोर्ट में अर्जी दी जाएगी। इंस्पेक्टर देवराज राय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने अबरपुल निवासी वांटेड बेलाल मियां, उसके भाई मो.शहनवाज, मो.अफताब के अलावा अबरपुल- रमगढ़िया निवासी बड़े सोनार एवं बेगमपुर निवासी रौशन उर्फ गोलू के घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाए जाने की कार्रवाई की।

**परिवार समेत गोली मारने की धमकी देने का आरोपः** इससे पहले सात अक्टूबर को पुलिस ने इस केस में कथित रूप से कुख्यात बेलाल मियां गैंग से जुड़े तीन गुर्गों मो.शाहिद, गणेश कुमार एवं मो. मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बदमाश बेलाल समेत अन्य साथियों की तलाश जारी है। मो.बेलाल का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। पहले से रंगदारी और फायरिंग को लेकर दर्जनों कांडों में आरोपित रहा है। इसे लेकर अबरपुल निवासी पीड़ित बिल्डर पप्पू खां उर्फ मो. जाबीर ने छह अक्टूबर 2024 को संबंधित थाना में छह नामजद समेत अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी। प्राथमिकी में रंगदारी नहीं देने पर परिवार समेत गोली मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया था। इससे पहले 25 अगस्त 2024 को भी कुख्यात बेलाल मियां अपने गुर्गे रौशन समेत पांच-छह अज्ञात के साथ बिल्डर को कब्जे में लेने के बाद गाड़ी पर बैठाकर तरी में ले गए थे और दस लाख रंगदारी मांगी थी। बिल्डर ने डर से 95 हजार रुपये गुर्गों को दिए थे।

## सीता-राम की विवाह के साथ समाप्त हुआ विवाहोत्सव

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में 55 वर्षो से चली आ रही परंपरा सिया पीया मिलन महोत्सव सीताराम विवाह के साथ सम्पन्न हो गया। सीताराम विवाह महोत्सव देखने के लिए लाखों श्रद्धालुओं और संत महात्माओं की भीड़ जुटी थी।सीताराम विवाह महोत्सव के दौरान भगवान श्री राम की बारात धूमधाम से निकाली गई। इसमें हाथी, घोड़ों, और बैंड बाजों के साथ प्रभु श्रीराम के साथ उनके सभी भाइयों की बारात सीता माता के आंगन ले जाया गया। बारात में गुरु वशिष्ठ व राजा दशरथ तथा चारों भाई राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न जनकपुर के राजा जनक के द्वार पहुंचते हैं। इस दौरान बारात में शामिल श्रद्धालुगण गाते-थिरकते नजर आए महाराज जनक के द्वार पर द्वारपूजा की रस्म पूरी की जाती है। इस दौरान विवाह लीला की देखने के लिए दूर-दराज से कई श्रद्धालु पूरी रात इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बन स्वयं की अभिभूत महसूस किए।

**द्वार पूजा के साथ शुरू हुआ विवाहः** शुक्रवार की रात 11 बजे द्वारपूजा के साथ आरम्भ हुए विवाह समारोह में दर्जनों महिलायें सजधज कर द्वारपूजन के लिए तैयार रही। इस दौरान उन्होंने पुष्प वर्षा की। महिलाएं नाचते-गाते हुए नजर आयी। एक तरफ जहां चारो सुकुमारो दूल्हा का लोढ़े से परिछन हुआ तो वही दूसरी तरफ सीता की सखियों ने चारो भाइयों का खूब मजाक उड़ाया । द्वार पूजा के बाद लौट कर जनवासे में विराजमान चारों दूल्हा सरकार पुनः विवाह की रस्म आगे बढ़ाने के लिए पालकी पर सवार होकर राजा जनक के द्वार पर पहुंचते हैं जहां सिया जी की सखियां भगवान की आरती उतारती हैं और लोढ़ा लेकर परिछन करने की विधि सम्पन्न कराती हैं। इसके बाद पुनः चारों दूल्हा मंडप में आते हैं और धानकुटन की विधि की जाती है। इस दौरान सखियां दुल्हों से मां, बहनों, पिता जी व बाबा का नाम पूछकर मजाक उड़ाती हैं और धानकुटन की विधी सम्पन्न कराती हैं। इस दौरान जनकपुर के चार लोग दूल्हों की मदद करने के लिए मण्डप में आते हैं इसी दौरान चारों दूल्हा सरकारों को कच्चे धागे के बंधन से बांधने की विधि पूरी की जाती है। इसके बाद कन्या परीक्षण की विधि शुरू की जाती है, जिसमें चारों भाइयों के हाथों में आम का पल्लव देती हैं और अपनी दुल्हन के उपर डाल कर उन्हें पहचानने को कहती हैं। जिसमें तीन भाई तो अपनी दुल्हन को पहचान लेते हैं परंतु, लक्ष्मण जी के साथ सखियां मजाक कर देती हैं और दुल्हन के जगह पुरूष को बैठा देती हैं क्योंकि, लक्ष्मण सबसे ज्यादा चुलबुले दुल्हा है और अपने को सबसे चतुर दुल्हा मानते हैं। जैसे ही दुल्हन के रूप में मौजूद जनकपुर के पुरुष सामने आता है वह लक्ष्मण से अनुरोध करता है कि वह उसे भी साथ अयोध्या ले चलने की जिद करने लगता है। बाद में लक्ष्मण को उनकी असली दुल्हन के दर्शन कराए जाते हैं।

**महंत राजाराम शरण दास जी ने पूरी कराई कन्यादान की रस्मः** इसके बाद शुरु होती है विवाह की रस्म जिसमें चारों कन्याओं सीता, उर्मिला, मांडवी एवं श्रुतिकीर्ति को महाराज जनक जी व उनकी पत्नी द्वारा कन्यादान की रस्म पूरी कराई जाती है। कन्यादान के साथ ही लावा मिलाई की रस्म करवाई जाती है जिसमें आश्रम के महंत राजाराम शरण दास जी महाराज स्वयं इस रस्म को पूरा करवाते है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# 1 लाख रुपये के लिए 2 महीने के बेटे की हत्या

**भागलपुर** । भागलपुर में 1 लाख रुपए दहेज के लिए पिता ने अपने 2 महीने के बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी दहेज के लिए हमेशा अपनी पत्नी से लड़ता था, कहता था, 'ये मेरा नहीं, नाजायज बच्चा है। 1 लाख रुपए अपने मायके से लेकर आओ तब रखेंगे।' आरोपी पिता राजा नशे का आदी है। नशा करने के लिए उसने अपनी पत्नी के 30 हजार के जेवर तक बेच दिए थे। नशे के लिए पत्नी रुबी पर दहेज के लिए लगातार दबाव बनाता था। वारदात के बाद आरोपी और उसके घर वाले घर छोड़कर फरार हो गए हैं। दंपती को 3 बच्चे हैं, इनमें एक बेटी है। मृतक रोशन सबसे छोटा था। मामला सुलतानगंज थाना क्षेत्र का है।

**2019 में मंदिर में हुई थी शादीः** मृतक के नाना अंजनी कुमार ने बताया, 'राजा और रुबी की शादी 2019 में मंदिर से हुई थी। रिश्ते को लेकर परिवार वालों की रजामंदी थी। शादी में करीब 5 लाख रुपए खर्च हुए थे। शादी के बाद पति, सास यशोदा देवी और ससुर सिकंदर शाह मारपीट करते थे।' 'बेटी से घटना की सूचना मिलने के बाद जब हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे तो बच्चे की लाश पड़ी थी।


बिहार सरकार

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद'

'हर खेत तक सिंचाई का पानी

''निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 07/2024–25

केवल ई० निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर

**संवेदकों से प्रतिशत दर पर निविदा**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल औरंगाबाद |
| 2. | विज्ञापन निर्गत करने की तिथि | दिनांक– 03.12.2024 |
| 3. | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक– 27.12.2024 से 02.01.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| 4. | प्री–बीड मीटिंग का स्थान, तिथि एवं समय | मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के कार्यालय में दिनांक– 30.12.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक । |
| 5. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक– 03.01.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक– 04.01.2025 को 10:00 बजे पूर्वाह्न को संबंधित प्रमंडलीय कार्यालय में। |
| 7. | तकनिकी निविदाओं का मुल्यांकण | दिनांक 10.01.2025 से लगातार |
| 8. | वित्तीय वीड खोलने की तिथि | सक्षम प्राधिकार द्वारा बाद में घोषित किया जाएगा। |
| 9. | निविदा की वैद्यता अवधि | 120 दिन |
| 10. | कार्य की विवरणी | |

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | जिला | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | बेल्ट्रॉन को देय बीड प्रोसेसिंग मूल्य सेवा शूल्क सहित (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | निमा पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 199.870 | 4.000 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 2 | बकसंड आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 169.794 | 3.400 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 3 | सिंधारी आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 133.960 | 2.680 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 4 | सिसौल से दुलारचक पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 120.516 | 2.420 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 5 | डंगरा आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 116.582 | 2.332 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 6 | अकौना आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 197.003 | 3.950 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 7 | मलाही पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 157.434 | 3.150 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 8 | खैरा मंझौली आहर पईन योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 130.288 | 2.610 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 9 | डिहवा आहर योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 106.895 | 2.140 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 10 | बरई आहर पईन सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | मदनपुर | 113.872 | 2.280 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 11 | भदवाडीह आहर पईन (1009) का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 141.835 | 2.900 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 12 | मुर्गीया आहर एवं तरवा आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 126.288 | 2.600 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 13 | बरडीहा गॉव में मगरदह आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | नबीनगर | 146.394 | 2.930 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 14 | बल्हमा पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | दाउदनगर | 130.027 | 2.610 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 15 | जीणोरिया आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | दाउदनगर | 112.314 | 2.250 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 16 | रेड़िया आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 123.635 | 2.480 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 17 | पथरा आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 105.664 | 2.120 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 18 | करसारा एवं मलुक बिगहा गॉव के हेठला एवं गोरंडी आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 102.534 | 2.100 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 19 | भदुकीकलां आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 111.520 | 2.300 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 20 | इनरारी आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 103.438 | 2.100 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 21 | खैरा आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 93.169 | 1.870 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 22 | डुबरा खुर्द (घोर बांध) आहर योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 84.634 | 1.700 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 23 | सोनवर्षा पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 34.520 | 0.691 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 24 | डोमा पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 29.662 | 0.594 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 25 | पोला गॉव के गोडिहा पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 43.999 | 0.880 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 26 | महुआरी कैनाल से बेदौलिया तक पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 66.467 | 1.300 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 27 | तेतराईन पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 54.460 | 1.100 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 28 | नवाडीह पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 54.415 | 1.110 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 29 | बोदी बिगहा पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 69.470 | 1.390 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 30 | करमाटीकर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 45.701 | 0.915 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 31 | कटोरवा आहर पईन योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 65.835 | 1.320 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 32 | सिमरहुआ आहर योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 45.272 | 0.910 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 33 | बड़का आहर से चार आना तक पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 40.690 | 0.820 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 34 | कुशी वमार आहर (134) का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 43.377 | 0.870 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 35 | अकौनी गॉव के वबुरा आहर एवं बांधी आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 91.351 | 1.830 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 36 | मदार केनाल`से पईन आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 53.899 | 1.100 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 37 | डिहरी आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | हसपुरा | 79.451 | 1.600 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 38 | टनकुपी आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | हसपुरा | 33.685 | 0.680 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 39 | मोहिनुदिन पर आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | हसपुरा | 48.861 | 0.980 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 40 | तिलकपुरा आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | हसपुरा | 49.848 | 1.000 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 41 | खरोखर गॉव के बड़का आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 56.085 | 1.200 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 42 | गोपापलपुर आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 165.385 | 3.310 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 43 | गोपी आहर पईन योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 66.796 | 1.400 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 44 | अपरपुरा ग्राम के बड़की आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 51.962 | 1.100 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 45 | तेतार चक आहर पईन योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 52.277 | 1.100 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 46 | पिपरा में पनवारी हथवा योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 47.476 | 0.950 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 47 | कांडी आहर (गोसाई आहर–12, 303) योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 80.043 | 1.610 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 48 | पांडे करमा पईन 950 योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 55.095 | 1.110 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 49 | चेंवें पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 45.471 | 0.910 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 50 | नइकी ग्राम के दीवान आहर (902) पईन का जीर्णोद्धार कार्य।(बेरोजगार अभियंता के लिए आरक्षित) | औरंगाबाद | रफीगंज | 27.477 | 0.550 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 51 | गोठानी, बनचर, खुर्द, कोना कंजपा पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 95.349 | 1.910 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 52 | इंगलिश गॉव के बड़का खजुरा, ओला आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 34.220 | 0.690 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 53 | जाखिम गॉव के पूर्वी आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 47.683 | 0.960 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 54 | बदरपुर गॉव के लाला आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 32.123 | 0.650 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 55 | मई गॉव के बड़का आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 47.842 | 0.960 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 56 | औरावां गॉव के फारी आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 69.096 | 1.390 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 57 | पुरवारी आहर 398, 429, 425 का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 60.685 | 1.220 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 58 | करमा गॉव में सतिआरा आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | रफीगंज | 85.520 | 1.720 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 59 | नरोत्तनचक आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | दाउदनगर | 36.530 | 0.740 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 60 | मंझौली बांध आहर और दुरा बॉध आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | देव | 160.959 | 3.220 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 61 | बसर आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | देव | 75.183 | 1.510 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 62 | अमवा और पिररवा आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | देव | 52.054 | 1.110 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 63 | बदली आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 56.217 | 1.130 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 64 | करियावॉ आहर पईन योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 87.260 | 1.750 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 65 | गोपालपुर पईन योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 50.820 | 1.100 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 66 | साहपुर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। (बेरोजगार अभियंता के लिए आरक्षित) | औरंगाबाद | गोह | 25.516 | 0.520 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 67 | दुलार विगहा पईन योजना का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 53.985 | 1.100 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 68 | हुनराही आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 66.489 | 1.330 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 69 | खुटयारी से गनौरी विगहा देवी स्थान पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 31.830 | 0.640 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 70 | महुआ, उपरकी, सरकुरबा एवं बैरिया आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 97.093 | 1.950 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 71 | केनाल से झरही से शेखपुरा पईन का जीर्णोद्धार कार्य। (बेरोजगार अभियंता के लिए आरक्षित) | औरंगाबाद | गोह | 25.955 | 0.520 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 72 | लोहरी के बड़का आहर उत्तरी आहर कैनाल से लटकोही, दरोगाजी के प्लॉट एवं कम्यूनिटी भवन तक पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 99.784 | 2.000 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 73 | बेलघटिया पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 39.840 | 0.800 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 74 | लोदीपुर आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 87.493 | 1.750 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 75 | कुरमैन आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 38.691 | 0.780 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 76 | मरौरा से महाराजगंज पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 68.437 | 1.370 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 77 | सुग्गी आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 46.840 | 0.940 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 78 | खौजी बरकी आहर (406) का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 82.703 | 1.660 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 79 | सेमरौरा (8313, 335) आहर का जीर्णोद्धार कार्य। (बेरोजगार अभियंता के लिए आरक्षित) | औरंगाबाद | गोह | 28.530 | 0.571 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 80 | मायापुर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 66.201 | 1.330 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 81 | ओरानी आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 63.047 | 1.270 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 82 | लिमरा पईन (574) का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 50.587 | 1.100 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 83 | सुसना (709) आहर का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 56.561 | 1.132 | 10000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 84 | रामपुर आहर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 88.290 | 1.770 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 85 | बखतीयारपुर पोखर और नीमवाला भींड का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 97.648 | 1.960 | 10000 | 3540 | 6 (छः) माह |
| 86 | खेमपुर पईन को जीर्णोद्धार कार्य (489) | औरंगाबाद | गोह | 30.756 | 0.620 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 87 | पोखराहा साइफन से जगदिशपुर पईन का जीर्णोद्धार कार्य। | औरंगाबाद | गोह | 30.686 | 0.620 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |

11 (i) 25 लाख से दो करोड़ से कम राशि की निविदा में जो संवेदक लघु जल संसाधन विभाग में समूचित श्रेणी में निबंधित है, केवल वही संवेदक भाग ले सकते है।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद।**

PR- 14055 ( M W R D ) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
## (जिला भू–अर्जन शाखा)

दूरभाष (मो0) सं0– Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-III)**
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–सिंगराहा खुर्द, थाना–मेदिनीनगर, थाना नं0–194
पत्रांक–**57(E)**/भू0अ0, दिनांक–30.11.2024

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | | 117 | 2235 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0036 | 1 | अलकारी देवी, पति वृजनन्दन शुक्ल | |
| 2 | | 25 | 2128 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.0185 | 2 | अंजु देवी, पति संतोष शुक्ला | दखल सुनीता कुमारी रजक, पति संजीव कुमार रजक वो अनन्त शुक्ल वो रासो शुक्ल, सुमित्रा देवी, पति रासो शुक्ल, गुप्तेश्वर दुबे, पिता सुरेश दुबे, गोपाल शुक्ल, पिता बृजनन्दन शुक्ल, शोभा देवी, पति अनन्त शुक्ला, अंजु शुक्ला, पति संतोष शुक्ला। बाउण्ड्री |
| 3 | | 26 | 2119 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0267 | 3 | अंजु देवी पति संतोष कु0 शुक्ला, अनंत शुक्ला पि0 रासो शुक्ला | |
| 4 | सिंगराहा खुर्द | 267 | 2101 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0062 | 4 | अंजनी शुक्ला, संतोष शुक्ला, प्रमोद शुक्ला पि0 स्व0 राजनंदन शुक्ला, कौशलकिशोर शुक्ला पि0 स्व0 अशोक शुक्ला, गोपाल, जीतेन्द्र, सतीश पि0 वृजनंदन शुक्ला, गजेन्द्र शुक्ला पि0 स्व0 राजनंदन शुक्ला, तुलसी पि0 स्व0 श्यामनंदन शुक्ला, रविनन्दन शुक्ला पि0 स्व0 जयश्री शुक्ला | |
| 5 | | 4 | 2230 | रैयती | टांड़–3 | 0.0292 | 5 | उदेश्वर राम पि0 चन्द्रदेव राम, राधाकृष्ण राम पि0 स्व0 राजमुनी राम, अशोक राम, अमित कुमार पि0 स्व0 राजेन्द्र राम, गोपाल राम, सीताराम, प्रवील राम, दीपक राम पि0 स्व0 राजनन्दन राम, फुलकुमारी देवी पति शिवबरत राम | मकान |
| | | 4 | 2231 | रैयती | टांड़–3 | 0.0228 | | तदैव | मकान |
| | | 4 | 2232 | रैयती | टांड़–3 | 0.0020 | | तदैव | |
| 6 | | 46 | 2120 | रैयती | टांड़–3 | 0.0250 | 6 | नरेन्द्र शुक्ल, रविन्द्र, प्रदीप पि0 स्व0 राजनाथ शुक्ल, पाण्डव शुक्ल, रघुवंश शुक्ला पि0 स्व0 ब्यासदेव शुक्ल | |
| | | 30 | 2121 | रैयती | टांड़–3 | 0.0233 | | तदैव | |
| | | 21 | 2122 | रैयती | टांड़–3 | 0.0258 | | तदैव | |
| 7 | सिंगराहा खुर्द | 164 | 2208 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0363 | 7 | प्रमोद शुक्ला, प्रशान्त शुक्ला, नन्कु शुक्ला पि0 स्व0 गोरखनाथ शुक्ला, लालमुनी शुक्ला, पंकज शुक्ला पि0 स्व0 जगरनाथ शुक्ला | दखल विपुल शुक्ला, पिता स्व० केश्वर शुक्ला |
| 8 | | 166 | 2237 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0299 | 8 | विनोद शुक्ला व विजय शुक्ला पि0 नर्वदेश्वर शुक्ला | मकान |
| | | 174 | 2238 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0814 | | तदैव | मकान |
| 9 | | 277 | 2126 | रैयती | टांड़–2 | 0.0286 | 9 | विगावन चमार व बुधन चमार, पिता हवलदार चमार | दखल जंगबहादुर राम |
| | | 127 | 2190 | रैयती | टांड़–2 | 0.0540 | | तदैव | दखल जगबहादुर राम, पिता स्व० रामनाथ राम वो कुलदीप राम, पिता रामधन राम, मनदीप राम |
| | | 277 | 2191 | रैयती | टांड़–3 | 0.0444 | | तदैव | दखल जगबहादुर राम, पिता स्व० रामनाथ राम वो कुलदीप राम, पिता रामधन राम, मनदीप राम |
| 10 | | 164 | 2207 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0124 | 10 | बिरेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र शुक्ला पि0 स्व0 जगेश्वर शुक्ला, विवेका शुक्ला, दीपक शुक्ला पि0 स्व0 जवाला शुक्ला, रविभूषण शुक्ला, शशिभूषण शुक्ला पि0 स्व0 जीतेन्द्र शुक्ला, चन्द्रभूषण शुक्ला पि0 स्व0 महेन्द्र शुक्ला, अनिल शुक्ला, उपेन्द्र शुक्ला, इन्देश शुक्ला पि0 स्व0 विशेश्वर शुक्ला, उमेश शुक्ला, दिनेश शुक्ला पि0 स्व0 प्रभुनाथ शुक्ला, संतोष शुक्ला पि0 स्व0 सुरेन्द्र शुक्ला | |
| | | 171 | 2209 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0244 | | तदैव | |
| | | 166 | 2211 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0510 | | तदैव | |
| 11 | | 24 | 2220/P | रैयती | टांड़–3 | 0.0700 | 11 | महाबीर राम वो रघु राम पिता फागु राम | दखल अनील शुक्ला, पिता स्व० विशेषर शुक्ला मकान |
| 12 | | 179 | 2118 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0649 | 12 | रामकृष्ण शुक्ल वगै०, पिता स्व० उग्रीम शुक्ला, विनोद शुक्ला वगै०, पिता स्व० राजकुमार शुक्ला, लव शुक्ला वगै०, पिता स्व० राम कैलास शुक्ला, रामप्रवेश शुक्ला वगै०, पिता स्व० सोबरण शुक्ला, आदर देवी वगै०, पिता स्व० लालजी शुक्ला, राहुल शुक्ला, पिता अमरेश शुक्ला | |
| 13 | | 25 | 2127 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.0060 | 13 | सुनीता कुमारी रजक, पति संजीव कुमार रजक | दखल सुनीता कुमारी रजक, पति संजीव कुमार रजक वो अनन्त शुक्ल वो रासो शुक्ल, सुमित्रा देवी, पति रासो शुक्ल, गुप्तेश्वर दुबे, पिता सुरेश दुबे, गोपाल शुक्ल, पिता बृजनन्दन शुक्ल, शोभा देवी, पति अनन्त शुक्ला, अंजु शुक्ला, पति संतोष शुक्ला। मकान |
| 14 | | 179 | 2114 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0135 | 14 | संतोष शुक्ला पिता रामरक्ष्या शुक्ला | |
| 15 | सिंगराहा खुर्द | 166 | 2212 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़ | 0.0306 | 15 | त्रिवेणी शुक्ल, पिता इशर दयाल शुक्ल | दखल अनील शुक्ला, पिता स्व० विशेषर शुक्ला। केवाला से प्राप्त है। नामांतरण नहीं हुआ है। |
| | | 166 | 2217 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0346 | | तदैव | दखल अनील शुक्ला, पिता स्व० विशेषर शुक्ला |
| | | 121 | 2218 | रैयती | टांड़–3 | 0.0378 | | तदैव | दखल अनील शुक्ला, पिता स्व० विशेषर शुक्ला |
| 16 | | 1 | 2129 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.0232 | 16 | अज्ञात | दखल सुनीता कुमारी रजक, पति संजीव कुमार रजक वो अनन्त शुक्ल वो रासो शुक्ल, सुमित्रा देवी, पति रासो शुक्ल, गुप्तेश्वर दुबे, पिता सुरेश दुबे, गोपाल शुक्ल, पिता बृजनन्दन शुक्ल, शोभा देवी, पति अनन्त शुक्ला, अंजु शुक्ला, पति संतोष शुक्ला। |
| 17 | | 24 | 2220/P | रैयती | टांड़–3 | 0.0133 | 17 | अज्ञात | दखल अनील शुक्ला, पिता स्व० विशेषर शुक्ला |
| 18 | | 166 | 2234 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0241 | 18 | अज्ञात | दखल गोपाल शुक्ल, जीतेन्द्र शुक्ल, सतीश शुक्ल, पिता स्व० बृजनन्दन शुक्ल |
| 19 | | 117 | 2236 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0147 | 19 | अज्ञात | |
| | | | | | कुल | **0.8782** | | | |

**कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू।** | **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू।** | **अपर समाहर्त्ता पलामू।** | **उपायुक्त पलामू।**

**PR 341438 Palamu(24-25).D**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



### एसडीपीओ ने सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश दिए, तलाशी और निगरानी पर जोर

# एसडीपीओ ने गोड्डा कोर्ट परिसर का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



निज संवाददाता | गोड्डा

शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अशोक प्रियदर्शी ने गोड्डा कोर्ट परिसर का निरीक्षण किया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यह निरीक्षण कोर्ट परिसर में सुरक्षा की स्थिति को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया था। एसडीपीओ ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रत्याशित स्थिति से निपटा जा सके। इस दौरान उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों और पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए, ताकि कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने कोर्ट परिसर के प्रवेश और निकासी द्वारों की स्थिति का जायजा लिया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोर्ट परिसर के हर प्रवेश और निकासी द्वार पर पुलिसकर्मियों की पर्याप्त तैनाती हो, ताकि किसी भी बाहरी तत्व के घुसने की संभावना को रोका जा सके। इसके अलावा, उन्होंने कोर्ट परिसर के अंदर CCTV कैमरों की कार्यक्षमता की जांच भी की और यह सुनिश्चित किया कि सभी कैमरे ठीक से काम कर रहे हैं और उनका रिकार्ड सही तरीके से रखा जा रहा है। एसडीपीओ ने पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने की हिदायत दी और कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी भी तरह की लापरवाही बरतना नहीं चाहिए। उन्होंने कोर्ट परिसर के आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने की बात भी की। इस दौरान सदर पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक, परिचारी प्रवर धर्मेन्द्र कुमार राम, नगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह, कोर्ट नोडल पदाधिकारी थियोदर खाखा, और अन्य कई पुलिस अधिकारी एवं पुलिस कर्मी भी उपस्थित थे। एसडीपीओ ने यह भी निर्देश दिया कि कोर्ट परिसर में आने वाले वकीलों, आम नागरिकों और अन्य लोगों की सघन तलाशी ली जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों को रोका जा सके। उन्होंने सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण को लेकर भी बात की और उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीके से पालन करने के लिए प्रेरित किया।

एसडीपीओ ने कहा कि न्यायालय में लगातार हो रही सुनवाई और विभिन्न मामलों के चलते वहां सुरक्षा व्यवस्था की विशेष आवश्यकता है, क्योंकि कोर्ट परिसर में किसी प्रकार की अनहोनी घटना से न केवल न्यायिक प्रणाली प्रभावित होती है, बल्कि आम जनता की सुरक्षा भी संकट में पड़ सकती है। इसलिए उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अधिक सक्रिय और चौकस रहने की सलाह दी। यह निरीक्षण कोर्ट परिसर की सुरक्षा को लेकर एसडीपीओ की गंभीरता को दर्शाता है, और पुलिस विभाग द्वारा कोर्ट परिसर में बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि गोड्डा पुलिस प्रशासन कोर्ट परिसर में किसी भी तरह की असुरक्षा को बर्दाश्त नहीं करेगा और किसी भी परिस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

## बीडीओ ने की पीडीएस डीलरों के साथ बैठक

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)

शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने पीडीएस डीलरों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। यह बैठक प्रखंड सभागार में हुई, जिसमें एमओ (मल्टीपर्पस ऑपरेटर) ब्रजेश कुमार भी उपस्थित थे। इस बैठक में प्रमुख रूप से यह चर्चा की गई कि पीडीएस लाभुकों को शत प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बीडीओ ने डीलरों को राशन वितरण में पूरी तत्परता और समयबद्धता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ ने पीडीएस डीलरों को राशन उठाव कर उसे लाभुकों के बीच ससमय वितरित करने का स्पष्ट आदेश दिया।

इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर पीडीएस लाभुकों का ई-केवाईसी भी अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने डीलरों से यह अपेक्षाएँ की कि वे किसी भी प्रकार की शिथिलता न दिखाते हुए अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें। बीडीओ ने कहा कि समय-समय पर पीडीएस डीलरों की दुकानों की जांच की जाएगी। यदि किसी दुकान पर स्टॉक पंजी या वितरण पंजी उपलब्ध नहीं होता है तो यह गंभीर उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि डीलरों को हर हाल में इन पंजी का रख-रखाव सुनिश्चित करना होगा। इसके अतिरिक्त, बीडीओ ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले पीडीएस डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान डीलर संघ के सदस्यों ने बीडीओ का स्वागत भी किया।

# अतिक्रमण मुक्त अभियान के दौरान सातवें दिन भी अतिक्रमिक जगहों पर चला बुलडोजर

- नगर प्रशासन द्वारा लगातार जारी है शहर को अतिक्रमणमुक्त कराए जाने का कार्य
- भूमि उर्वरा शक्ति में सुधार के लिए सलाह
- टीआरएफए योजना के तहत चना बीज वितरण




निज संवाददाता | गोड्डा

शहर में बढ़ते जाम की समस्या के समाधान को लेकर नगर परिषद एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सातवें दिन अतिक्रमण मुक्त अभियान के दौरान कारगिल चौक से लेकर लहेरी टोला, महिला कॉलेज बायपास से हटिया चौक और फिर वहां से नगर परिषद कार्यालय तक सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान नगर क्षेत्र की सड़कों के किनारे अतिक्रमित स्थानों पर नगर परिषद का बुलडोजर चलाकर अतिक्रमिक किए गए जगहों को खाली कराया गया। ज्ञात हो कि यह अभियान पिछले सात दिनों से लगातार जारी है जिसके तहत नगर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। बताते चलें कि नगर क्षेत्र में अतिक्रमिक स्थानों पर नगर परिषद का बुलडोजर चलाए जाने से पूर्व नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी को पत्र जारी कर एवं माइकिंग के माध्यम से पूरे नगर क्षेत्र में अतिक्रमिक स्थानों को खाली कराने का अल्टीमेटम दिया गया था बावजूद किसी ने भी अतिक्रमिक जगहों को खाली नहीं किया जिसके बाद नगर परिषद का बुलडोजर चलाकर सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराया जा रहा है। वहीं शहर की सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराए जाने को लेकर नगर परिषद द्वारा अभी भी पूरे शहर में माईकिंग के माध्यम से लोगों को अतिक्रमण किए गए जगहों को खाली करने को कहा जा रहा है।

यह अभियान कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गोड्डा, आशीष कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सड़कों और नालों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। वहीं सड़क और नाले पर हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित करने के लिए रंग से सीमांकन किया गया। इस अभियान के दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस तरह का कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं इस अभियान में उन दुकानदारों को चिन्हित बनाया गया, जो अपनी दुकानों का सामान सड़क पर फैलाकर बिक्री करते हैं और दुकान को अपनी सीमा से बाहर कर छप्पर लगते हैं। ऐसे दुकानदारों का सामान जब्त कर उन्हें आर्थिक दंड दिया गया। इस अभियान के दौरान सड़क पर लगे वाहन के मालिकों को सलाह दी गई कि नो पार्किंग जोन में गाड़ी नहीं लगाया जाए, वाहन हमेशा पार्किंग जोन में रखें। वहीं संबंधित अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से तब तक जारी रहेगा जब तक कि शहर की सड़कों अतिक्रमणमुक्त न हो जाए और शहरवासियों को जाम की समस्या से निजात मिल सके। उक्त अभियान के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर परिषद के अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं नगर थाना के पुलिस बल मौजूद रहे। वहीं बताया गया कि यह पहल गोड्डा शहर को जाम मुक्त कराने के लिए एक अहम कदम साबित हो सकती है।

# भाजपा ने किया आभार सह अभिनंदन समारोह

निज संवाददाता | नोनीहाट



भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) की ओर से शनिवार को जरमुंडी विधानसभा में आभार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जरमुंडी विधानसभा के विधायक देवेंद्र कुंवर के निज आवास पर आयोजित हुआ, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने एकत्र होकर भाजपा के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त किया। समारोह का संचालन जरमुंडी विधानसभा के प्रभारी चुननूकांत सहाय ने किया और इस कार्यक्रम की शुरुआत भी उन्होंने की। इस अवसर पर जरमुंडी विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरवकांत झा को गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जरमुंडी विधानसभा के विधायक देवेंद्र कुंवर, पूर्व मंत्री हरिनारायण राय, दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन, जामा विधानसभा के प्रत्याशी सुरेश मुर्मू, गोड्डा लोकसभा के पूर्व सांसद अभय कांत प्रसाद, जरमुंडी विधानसभा प्रभारी चुननूकांत सहाय सहित अन्य गणमान्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए जरमुंडी विधानसभा के विधायक देवेंद्र कुंवर ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे हमेशा जनता के बीच रहकर क्षेत्र के विकास में निरंतर योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि वे अपनी पूरी ताकत और समर्पण के साथ जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और क्षेत्र में विकास की गति को और तेज करेंगे। पूर्व मंत्री हरिनारायण राय ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर जरमुंडी विधानसभा के विकास के लिए निरंतर कार्य करते हुए क्षेत्र में पुनः विकास की गंगा बहाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जरमुंडी विधानसभा प्रभारी चुननूकांत सहाय, जिला अध्यक्ष गौरवकांत झा, विधायक देवेंद्र कुंवर, पूर्व मंत्री हरिनारायण राय, पूर्व सांसद अभय कांत प्रसाद, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, जामा विधानसभा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू, देवेंद्र कुंवर की पुत्री मीनू कुमारी, जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष तथा भाजपा के अनेक समर्थक शामिल थे।

## उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मना नवान्न उत्सव

**दुमका (नि.सं.)।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी उत्साह व हर्षोल्लास के साथ नवान्न उत्सव मनाया गया। यह पर्व अग्राहन महीने में धान कटनी के बाद मनाया जाता है। नवान्न उत्सव को सद्भावना का प्रतीक माना जाता है। नवान्न की तिथि ग्रामीण बैठक कर निर्धारित करते हैं। नये फसल से अरवा चावल तैयार कर उस चावल की गुंडी से घर के आंगन में रंगोली तैयार कर माता लक्ष्मी का चरण तैयार कर पूजा की जाती है। साथ ही कार्तिक एवं लक्ष्मी की पूजा होती हैं। प्रखंड के हाड़जुड़ा, महिषबाथान, पाटजोड़ के साथ जिले के विभिन्न गांवों में नवान्न उत्सव मनाया जाता है। महिषबाथान गांव में ग्राम समिति के सदस्यों ने इसबार भी ग्रामीण पोखर से मछली पकड़ कर ग्रामीणों के बीच मछली का वितरण कर सद्भावना के प्रतीक इस उत्सव को साकार किया। सूत्रों के अनुसार तीन सौ साल से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नवान्न आयोजित कर बड़े किसान, बटाईदार व खेतिहर मजदूर इस पवित्र दिन पर नये चावल का भोग तैयार कर अन्न ग्रहण करते हैं।

# पीपरा में 50 किसानों के बीच चना बीज का हुआ वितरण

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)



पीपरा प्रखंड सभागार में शनिवार को टीआरएफए योजना के अंतर्गत 50 किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम एटीएम रंजीत कुमार की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिन्होंने किसानों को चना बीज वितरित किए। इस अवसर पर एटीएम रंजीत कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बीज वितरण योजना के तहत रबी फसल के लिए पंजीकृत किसानों को आइएनएम और आइपीएम दवाओं के साथ प्रमाणित चना बीज दिया जा रहा है। उनका मानना था कि इस प्रकार के बीज वितरण से किसानों को कम समय और कम लागत में अधिक उपज प्राप्त होगी, जिससे उनका आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने यह भी बताया कि यह बीज उच्च गुणवत्ता वाला है और प्रमाणित होने के कारण इसकी उपज दर अन्य सामान्य बीजों की तुलना में अधिक होगी। इसके साथ ही, इस बीज के उपयोग से किसानों को कम समय में बेहतर परिणाम मिलेंगे, जो उनके खेती के तरीके को और अधिक प्रभावी बना सकेगा। एटीएम रंजीत कुमार ने आगे कहा कि किसानों को चना के बीज के साथ-साथ जो दवाइयां दी जा रही हैं, वे फसल की बेहतर सुरक्षा और उचित पोषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह वितरण योजना किसानों के लिए लाभकारी साबित होगी, क्योंकि यह बीज विशेष रूप से उन्हीं किसानों के लिए है जो रबी फसल के लिए पंजीकरण करवा चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान एटीएम रंजीत कुमार ने भूमि की उर्वरता बढ़ाने के महत्व पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि समय-समय पर खेत में फसल बदलने से न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है, बल्कि इससे किसानों को बेहतर और अधिक पैदावार प्राप्त होती है। यह कृषि की सतत वृद्धि और भूमि संरक्षण के दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस सुझाव का पालन करें ताकि उनकी खेती में वृद्धि हो और भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे। कार्यक्रम में कई कृषि मित्रों और किसानों ने भी भाग लिया। इन कृषि मित्रों ने कार्यक्रम के दौरान किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं के लाभ, बीजों की सही उपयोगिता और फसल की देखभाल के बारे में जानकारी प्रदान की। किसानों ने इस योजना के तहत दिए गए चना बीज को लेकर उत्साह और आभार व्यक्त किया और उन्होंने यह भी कहा कि इससे उन्हें अपनी खेती में सुधार लाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में एटीएम रंजीत कुमार ने किसानों को शुभकामनाएं दी और कहा कि इस योजना के माध्यम से किसानों की खेती को और अधिक लाभकारी बनाने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों से यह भी अनुरोध किया कि वे इस अवसर का सही उपयोग करें और किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान प्राप्त करने के लिए कृषि अधिकारियों से संपर्क करें। इस वितरण कार्यक्रम ने पीपरा के किसानों के लिए एक नई आशा और अवसर का द्वार खोला।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसनबनी में सहियाओं की क्लस्टर स्तरीय बैठक का किया गया आयोजन

निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसनबनी में शनिवार को सहियाओं की क्लस्टर स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नदिया नंद मंडल ने की, और इसमें बीटीटी मोहम्मद आरिफ रसिद, एएनएम गीता कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सहियाओं को जागरूक करना और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर दिशा-निर्देश देना था। बैठक में सबसे पहले छह महीने से लेकर पांच साल तक के बच्चों को आयरन सिरप पिलाने का निर्देश दिया गया। यह कदम बच्चों में आयरन की कमी से होने वाले रोगों को रोकने के लिए उठाया जा रहा है, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो सके। इस संदर्भ में सहियाओं को यह जिम्मेदारी दी गई कि वे इस अभियान को प्रभावी ढंग से चलाएं और सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों को समय पर आयरन सिरप मिले। इसके अलावा, बैठक में 20 दिसंबर तक चलने वाले कालाजार के डोर टू डोर सर्वे के संबंध में भी चर्चा हुई। यह सर्वे क्षेत्र में कालाजार के मामलों की पहचान करने के लिए किया जा रहा है, ताकि जल्दी से जल्दी उन व्यक्तियों का इलाज किया जा सके और कालाजार के प्रसार को रोका जा सके।

सहियाओं को इस सर्वे को सफल बनाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करने और उन्हें कालाजार के बारे में जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में मौजूद अन्य अधिकारियों ने सहियाओं से कहा कि वे स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताएं और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि वे टीकाकरण, मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, तथा पोषण योजनाओं को लेकर भी लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर डॉ. नदिया नंद मंडल ने सभी सहियाओं को उनके प्रयासों के लिए सराहा और उन्हें अपने कार्यों में पूरी लगन और ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य केंद्र द्वारा समय-समय पर सहियाओं को आवश्यक प्रशिक्षण और सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि वे अपने कार्य को और भी बेहतर ढंग से कर सकें। बैठक का समापन सभी को उनके कार्य में सफलता की शुभकामनाएं देकर किया गया।

## वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुरू

**दुमका (नि.सं.)।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा दुमका में शनिवार को महिलाओं एवं पुरुषों के लिए वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।जिसमें काठीकुंड, जरमुंडी, दुमका एवं जामा प्रखंड के 70 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंडलीय कार्यालय देवघर के वित्तीय समावेशन कुणाल सिंह सहित अग्रणी जिला प्रबंधक चंद्रशेखर पटेल एवं प्रतिभागियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि मंडलीय कार्यालय के कुणाल सिंह ने प्रशिक्षणर्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आप सभी महिलाएं पूरी लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। साथ ही उन्होंने महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए कहा कि गांव की महिलाएं अपने कैरियर के लिए बहुत ज्यादा जागरूक है।

# काली मंदिर निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन

निज संवाददाता | महागामा (दुमका)



प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हनवारा के रामकोला पंचायत के नारायणपुर गांव में हाई स्कूल के समीप शनिवार को काली मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया। पंडित जनार्दन झा ने आशीष सिंह के हाथों वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन कराया गया। इस दौरान गांव वालो की भीड़ लगी रही। बता दें कि मा काली मंदिर पूर्व से गांव में स्थित है। लेकिन वहां जगह कम रहने के कारण हाई स्कूल के बगल में निर्माण करने का निर्णय लिया गया लिहाजा मेला लगाने को ध्यान में रखते हुए मंदिर को पुराने जगह से स्थानांतरित कर बगल की जमीन पर नए मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीण मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मां काली युवा क्लब समिति एवं स्थानीय लोगों ने पहल करते हुए यह निर्णय लिया है। ऐसे में मंदिर वहां रहने से परेशानी होती। ऐसे में मोहल्लावासियों ने मिल-बैठकर पहल करते हुए बगल की जमीन पर मंदिर शिफ्ट करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि नए मंदिर के निर्माण को लेकर नक्शा तैयार कर लिया गया। करीब लाखो की लागत से मंदिर का निर्माण होगा। जिसमें भव्य मां काली की प्रतिमा रहेगा एवं हर वर्ष भव्य मेला का आयोजन की जाएगी। मंदिर निर्माण में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति मुकेश सिंह एवं सामाजिक कार्यकर्ता केशरी यादव मौजूद रहे। वहीं मिथिलेश सिंह, सोहन सिंह, मिथलेश कुशवाहा, प्रशांत कुमार निराला, प्रकाश पासवान, शशिकांत सिंह, सोनम सिंह आदि के साथ-साथ मां काली युवा क्लब समिति सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ को सौंपा मांग पत्र

निज संवाददाता | गोड्डा



चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स, गोड्डा के उपाध्यक्ष प्रीतेश नन्दन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को गोड्डा अनुमंडल पदाधिकारी, बैद्यनाथ उरांव से मुलाकात की और उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। इस पत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, जो शहर के व्यापारियों और नागरिकों के हितों से जुड़े हुए हैं। मुख्य रूप से, प्रतिनिधिमंडल ने वर्तमान में शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाने के अभियान को तुरंत प्रभाव से रोकने की मांग की। उनका कहना था कि इस अभियान में व्यापारियों और दुकानदारों को अत्यधिक परेशान किया जा रहा है, और इसे स्थगित किया जाना चाहिए, ताकि उचित समाधान निकाला जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी सुझाव दिया कि नगर परिषद के प्रशासक, थाना प्रभारी और चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्यों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाए। इस बैठक में शहर में व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाने के लिए नियमावली तय की जाए। बैठक के दौरान यह प्रस्ताव भी रखा गया कि शहर में भविष्य में होने वाले किसी भी बड़े निर्णय से पहले चैम्बर के साथ विचार-विमर्श किया जाए, ताकि व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, शहर में बढ़ती जाम की समस्या के समाधान के लिए प्रतिनिधिमंडल ने पार्किंग की उचित व्यवस्था की मांग की। उनका कहना था कि पार्किंग की समस्या को सुलझाने से न केवल ट्रैफिक जाम में कमी आएगी, बल्कि व्यापारियों और ग्राहकों के लिए भी राहत मिलेगी। इसके साथ ही, फुटपाथी दुकानदारों (फुटकर विक्रेताओं) के लिए वेंडर मार्केट की स्थापना की भी मांग की गई। वेंडर मार्केट की स्थापना से फुटपाथी दुकानदारों को एक व्यवस्थित स्थान मिलेगा, जहां वे अपनी दुकाने चला सकेंगे, और इससे शहर की सफाई व्यवस्था भी सुधरेगी।

## भारत-भारती ने गोड्डा क्रिकेट एकेडमी को 84 रनों से किया पराजित

**गोड्डा (नि.सं.)।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गांधी मैदान में आयोजित रितेश मेमोरियल स्कूल लीग के दुसरे सेमीफाइनल में शनिवार को भारत- भारती पब्लिक स्कूल ने गोड्डा क्रिकेट एकेडमी को 84 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत- भारती पब्लिक स्कूल की टीम ने 35 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 228 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें गौरव पांडे एवम प्रशांत सिंह ने शानदार 53 -53 रनों की पारी खेली। सत्यम पंडित ने 04 विकेट एवं सुशांत कुमार ने 01 विकेट प्राप्त किए। जवाबी पारी में गोड्डा क्रिकेट एकेडमी की टीम 144 रन पर ऑल आउट हो गई। सत्यम पंडित ने सर्वाधिक 56 रन एवं आदित्य राज ने 17 रनों की पारी खेली। गौरव पांडे ने 03 विकेट एवं अमन कुमार ने 02 विकेट प्राप्त किए।

# एमएसएमई क्लस्टर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | शिकारीपाड़ा (दुमका)




भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) रांची की ओर से शिकारीपाड़ा प्रखंड में एक विशेष एमएसएमई क्लस्टर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को एमएसएमई क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना और उनके बीच वित्तीय साक्षरता और सरकारी योजनाओं के लाभ को लेकर जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से स्टोन और संबद्ध क्लस्टर पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि इस क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों को उचित दिशा-निर्देश दिए जा सकें और उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि की जा सके। सिडबी एक प्रमुख वित्तीय संस्थान है, जो एमएसएमई क्षेत्र के वित्तपोषण, संवर्धन और विकास के लिए कार्यरत है। यह संस्था वर्षों से इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता, क्षमता निर्माण और अन्य सहायक कार्यक्रमों के माध्यम से काम कर रही है। सिडबी का उद्देश्य छोटे और मंझोले उद्योगों को वित्तीय संसाधन मुहैया कराना और उनके विकास में मदद करना है। इसके अलावा, सिडबी एमएसएमई से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और चिंताओं को हल करने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में सिडबी रांची के सहायक महाप्रबंधक मुकुल पी. एक्का, डेव्लपमेंट एक्सिकिटिव श्री संदीप कुमार, दुमका के एलडीएम चंद्रशेखर पटेल, दुमका चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव डॉ. मनोज कुमार घोष, सी.पी. थॉमस (उपाध्यक्ष, सीईडीएआर (ईएसएएफ), दुमका के डीआईसी अधिकारियों और शिकारीपाड़ा दुमका के स्टोन एंड एलाइड क्लस्टर के कारीगरों समेत कुल 100 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान, सिडबी की वित्तीय पहल, सरकारी योजनाओं के बारे में अपडेट, बजट घोषणाओं, पीएम विश्वकर्मा योजना का महत्व, उद्यम पंजीकरण, मुद्रा योजना और ओएनडीसी पंजीकरण पर चर्चा की गई। इन पहलुओं का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को वित्तीय योजनाओं और सरकारी सहायता का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना था। विशेष रूप से, पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी गई, जिससे कारीगरों को उनके कौशल के आधार पर आर्थिक सहायता प्राप्त करने के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था एक इंटरैक्टिव सत्र, जिसमें प्रतिभागियों ने एमएसएमई के बीच ऋण पहुंच और वित्तीय साक्षरता में सुधार के लिए विभिन्न नवीन दृष्टिकोणों पर चर्चा की। इस सत्र में यह चर्चा की गई कि कैसे कारीगर और छोटे उद्यमी अपने वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बना सकते हैं और किस प्रकार सिडबी जैसे संस्थानों से ऋण प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में कारीगरों ने पत्थर से बने विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया, जो इस क्षेत्र के प्रमुख उद्योगों में से एक है। कारीगरों ने अपने उत्पादों को दिखाते हुए उनकी गुणवत्ता और विशेषताएँ बताई, जिससे उन्हें व्यापक बाजारों में पहचान बनाने और अपने उत्पादों को बढ़ावा देने का अवसर मिला। इस प्रदर्शनी के माध्यम से कारीगरों को उनकी कला और मेहनत को मूल्य देने का एक मंच प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से सिडबी ने स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को न केवल अपने उत्पादों को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया, बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की। इस पहल से शिकारीपाड़ा और इसके आस-पास के क्षेत्रों के कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस प्रकार, यह कार्यक्रम एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



जेल में बंद टीएसपीसी उग्रवादी के नाम से मांगते थे रंगदारी

# पुलिस ने हाइवा में आग लगाने वाले छह अपराधी को किया गिरफ्तार

- एक अक्टूबर को भी लगाई थी आग
- एक देशी कट्टा किया गया बरामद

निज संवाददाता | लातेहार



लातेहार जिले में दो हाइवा में आग लगाने के मामले में छह अपराधियों की गिरफ्तारी ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना दो नवंबर को बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयांटाड़ स्थित कुसमाही साईडिंग के पास हुई थी, जहां से हाइवा कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए जा रहे थे। शनिवार को पुलिस ने इन छह अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि एक अन्य अपराधी अभी फरार है। इस मामले में जो गिरोह शामिल था, वह जेल में बंद टीएसपीसी उग्रवादी प्रदीप गंझू के नाम से रंगदारी वसूलता था और लातेहार जिले के ट्रांसपोर्टरों, ठेकेदारों, कोयला व्यवसायियों और बालू कारोबारियों को धमकाकर अपने उद्देश्यों को पूरा करता था। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों में तीन लातेहार जिले, एक रांची और दो चतरा जिले के निवासी हैं। इनमें सुनील गंझू (बुढ़मू, रांची), संजय भगत उर्फ संदीप कुमार भगत, कैलाश गंझू, मनोज ठाकुर (लातेहार), बबन सिंह भोक्ता (चतरा) और दिलीप उरांव (चतरा) शामिल हैं।

गिरफ्तार अपराधी सुनील गंझू, संजय भगत और कैलाश गंझू पहले भी जेल जा चुके हैं। एसपी के अनुसार, यह गिरोह बहुत ही संगठित था और लातेहार जिले में अपने प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए क्षेत्रीय व्यापारियों से रंगदारी वसूलता था। ये अपराधी केवल हाइवा में आग लगाते नहीं थे, बल्कि इलाके में भय का माहौल बनाने के लिए अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल रहते थे। इनका नेटवर्क बहुत व्यापक था, और इसमें शामिल लोग इलाके के विभिन्न क्षेत्रों में डर और धमकियां फैलाकर लेवी वसूलते थे। एसपी ने बताया कि दो हाइवा को जलाने के बाद बालूमाथ थाना में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने इन अपराधियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। इनमें से प्रत्येक अपराधी ने अपने अपराध स्वीकार किए हैं। इनके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक 7.65 एमएम देशी पिस्टल, 7.85 एमएम के दो जिन्दा कारतूस, घटना में प्रयुक्त दो बाइक, 6 मोबाइल फोन और हाइवा जलाने में उपयोग किया गया पेट्रोल जार बरामद किया गया है। इन अपराधियों का इतिहास बहुत ही गंभीर और चिंताजनक है। एक अक्टूबर को मगध कोलियरी के 20 नंबर कांटा घर के पास एक लोडेड हाइवा और 18 अक्टूबर को चमातु गांव जाने से पहले पुलिया पर एक लोडेड हाइवा को आग लगाने की घटनाएं इनसे जुड़ी हुई हैं। यह गिरोह न केवल कोयला, बालू और अन्य निर्माण सामग्री की ढुलाई करने वाले वाहनों को निशाना बनाता था, बल्कि क्षेत्र में व्यापारियों और व्यापारिक गतिविधियों पर भी खतरा बन गया था। इन गिरफ्तारियों से न केवल क्षेत्र में भय और अशांति का माहौल कम हुआ है, बल्कि यह संकेत भी देता है कि पुलिस की सक्रियता अब और बढ़ गई है। पुलिस ने इन अपराधियों को गिरफ्तार कर एक सख्त संदेश दिया है कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और कानून की पकड़ में लाया जाएगा। यह कार्रवाई न केवल कानून-व्यवस्था की बहाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज में एक सुरक्षित और न्यायप्रिय वातावरण स्थापित करने की दिशा में भी बड़ा प्रयास है। इन गिरफ्तारियों के बाद क्षेत्र में व्यापारियों और आम नागरिकों में भी सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

आदित्यपुर में ब्राउन शुगर की तस्करी का पर्दाफाश

# 7 लाख के ब्राउन शुगर के साथ तीन महिला तस्कर गिरफ्तार, एक का पति है जेल में

- गिरफ्तारी की महत्वपूर्ण सफलता
- आपराधिक नेटवर्क पर प्रहार
- ब्राउन शुगर की आपूर्ति चैनल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई
- सद्दाम हुसैन की पत्नी रहीमा का आपराधिक इतिहासः पहले भी जेल में थी



निज संवाददाता | जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)

सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने छापेमारी कर 7 लाख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ तीन महिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाएं आदित्यपुर की मुस्लिम बस्ती से हैं। आरोपी महिलाएं रहीमा खातून उर्फ मोटकी, नाजमुन निशा उर्फ ताजमुन निशा और शाहिदा खातून उर्फ मुन्नू हैं। रहीमा पूर्व में ब्राउन शुगर के मामले में जेल गए सद्दाम हुसैन की पत्नी हैं। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आदित्यपुर में ब्राउन शुगर की तस्करी फिर से शुरू हो गई है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तत्परता से छापेमारी की और तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान रहीमा के पास से 20.37 ग्राम, नाजमुन निशा के पास से 6.35 ग्राम और शाहिदा के पास से 8.71 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है।

इसकी कुल कीमत करीब 7 लाख रुपए आंकी गई है। एसपी ने बताया कि रहीमा का पति सद्दाम हुसैन भी ब्राउन शुगर के मामले में जेल में बंद है, और अब उनकी पत्नी ने भी इस धंधे में हाथ डाल लिया था। यह कार्रवाई पुलिस की एक बड़ी सफलता है, जो इलाके में अपराध की रोकथाम और समाज में जड़ जमाए आपराधिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्रवाई के बाद तीनों महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और इन्हें जेल भेज दिया गया है। इस छापेमारी में पुलिस ने न केवल तस्करों को गिरफ्तार किया, बल्कि ब्राउन शुगर की आपूर्ति करने वाले नेटवर्क पर भी महत्वपूर्ण प्रहार किया है। अब पुलिस लगातार इस प्रकार की अन्य गतिविधियों पर नजर रखेगी और उचित कार्रवाई करेगी।

# आमजनो की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त जल्द से जल्द समाधान का दिया आश्वासन

निज संवाददाता | पाकुड़



पाकुड़ में आम जनमानस की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपनी समस्याओं को लेकर जनता दरबार में पहुंचे और उन्हें उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त मनीष कुमार ने उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी और आश्वासन दिया कि उनके समक्ष प्रस्तुत सभी शिकायतों की जांच की जाएगी और जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में विभिन्न प्रकार की शिकायतें आईं, जिसमें रोजगार से संबंधित मामले, चौकीदार की नियुक्ति से संबंधित मामले, जमीन से संबंधित समस्याएं और विभिन्न विभागों से संबंधित विभिन्न आवेदन शामिल थे। उपायुक्त मनीष कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों की भौतिक जांच की जाए और उनका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपनी प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो। यह जनता दरबार का आयोजन जिले में प्रशासनिक कार्यों को पारदर्शी बनाने और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। उपायुक्त मनीष कुमार ने यह भी सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और उसकी जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाए। इस प्रयास से लोगों को अपने मुद्दों के समाधान की उम्मीद जगी है और प्रशासन के प्रति उनकी विश्वास भी बढ़ा है।

## मंदिर से आभूषण एवं दान पेटी की चोरी

पाकुड़ (नि.सं.)। अज्ञात चोरों ने बजरंग बली मंदिर का ताला तोड़कर आभूषण, दानी की चोरी की है। मंदिर से सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक किनारे दुकान में भी हाथ साफ किया है। मामला थाना क्षेत्र के मोगलाबांध गांव की है। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने दोनों घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जूट गयी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने हनुमान की प्रतिमा में पहनाए गए आभूषणों की चोरी किया है। घटना की जानकारी ग्रामीणों को शुक्रवार सुबह तब मिली जब मंदिर में श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे तो देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है। इससे लोगों को शक हुआ कि मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मंदिर परिसर में ग्रामीणों का भीड़ जूट गया। चोरी की घटना को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

# राधा कृष्ण किशोर को झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालय मिलने से इलाके में विकास की संभावनाएं

निज संवाददाता | छतरपुर (पलामू)



छतरपुर के विधायक राधा कृष्ण किशोर को झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिलने से क्षेत्र के लोगों में विकास की नई संभावनाएं बढ़ी हैं। इस खबर ने स्थानीय निवासियों के मन में एक नई उम्मीद और कई सपनों को पंख दिए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता और नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमून ने इस संदर्भ में कहा कि राधा कृष्ण किशोर जी का लगातार छठी बार विधानसभा में प्रतिनिधित्व करना और अब सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभालना उनकी नेतृत्व क्षमता और अनुभव की गवाही देता है। उन्होंने कहा कि किशोर जी अनुभवी नेता हैं और विधायी मामलों के कुशल जानकार हैं। सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय मिलने से अब इलाके के लोगों के सपने पूरा होने की उम्मीद बढ़ी है। अरविंद ने यह भी कहा कि छतरपुर एक खनिज-समृद्ध इलाका है, लेकिन यहां रोजगार की समुचित व्यवस्था नहीं है। क्षेत्रवासियों को आजीविका के लिए बाहर जाने की विवशता झेलनी पड़ती है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि छतरपुर को जिला बनाया जाए और यहां रोजगार आधारित उद्योगों की स्थापना की जाए, तो इससे क्षेत्र का आर्थिक विकास तेज हो सकेगा। इसके अलावा, सुखनदिया और बटाने जैसी महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजनाओं को दुरुस्त करके किसानों की स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। अरविंद ने कहा कि इन परियोजनाओं से ना सिर्फ किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र में कृषि की उत्पादकता भी बढ़ेगी। इसके साथ ही, उन्होंने युवाओं को स्किल्ड बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सृजन की जरूरत पर जोर दिया। छतरपुर में कृषि विश्वविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय जैसी शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना से यहां के युवाओं को बेहतर शिक्षा और करियर की संभावनाएं मिलेंगी। इससे छतरपुर की सूरत बदल सकती है और यहां के युवाओं को उच्चतर अध्ययन और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। छतरपुर विधायक राधा कृष्ण किशोर को मंत्री बनाए जाने पर विनय गुप्ता, सुनील कुमार, फिरदौस आलम, सुनील प्रजापति, परवेज अंसारी, ललन विश्वकर्मा, प्रयाग विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार, राजमोहन गुप्ता, मंजुल गुप्ता, रितेश सोनी, टोन वर्मा, गुंजन जायसवाल, रिशु कुमार, दिलीप कुमार सिंह, प्रवेश यादव, निशांत सिन्हा, मनोज कुमार गुप्ता, डॉ संतोष, अनिरुद्ध पासवान, धनञ्जय प्रसाद, सुनील यादव, उमेश कुमार, संजय सिंह, प्रवेश यादव और सैकड़ों लोगों ने खुशी जाहिर कर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। लोगों ने इस मौके पर सरकार से विकास योजनाओं को तेजी से लागू करने और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की भी मांग की है ताकि छतरपुर का समग्र विकास हो सके।

# बीडीओ ने की पीडीएस डीलरों के साथ बैठक

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)



प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने शनिवार को पीडीएस डीलरों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर लाभुकों को शत प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने का सख्त आदेश दिया है। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी और चिकित्सा पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने डीलरों के साथ आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार कई आवश्यक आदेश दिए। बैठक के दौरान बीडीओ ने पीडीएस डीलरों को निर्देशित किया कि वे समय पर राशन उठाव कर लाभुकों के बीच वितरण करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में पीडीएस लाभुकों का ई-केवाईसी पूरा करने की आवश्यकता है। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि समय-समय पर पीडीएस डीलरों की दुकान की जांच की जाएगी और दुकान पर स्टॉक पंजी, वितरण पंजी हर हाल में उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाह डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में डीलर संघ द्वारा आयोजित पहली बैठक में बीडीओ को बुके और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीडीएस डीलर संघ के अध्यक्ष रामनाथ सिंह, सचिव अवधेश राम, कोषाध्यक्ष कामत शर्मा और अन्य प्रमुख डीलर जैसे कपेश्वर सिंह, कपिलदेव सिंह, अशोक यादव, बीनू जायसवाल, पप्पु गुप्ता, धर्मेंद्र पटेल, इंद्रदेव राम, विनय जायसवाल, जितेंद्र मेहता, राजू सिंह, कपिल यादव, अजय गुप्ता, मुकेश मेहता और नीरज सिंह उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य पीडीएस डीलरों को उनके कार्य की जिम्मेदारी समझाना और राशन वितरण प्रणाली को प्रभावी बनाना है। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी डीलरों को राशन वितरण प्रणाली में हर कदम पर स्पष्ट और अनुशासित रहना चाहिए ताकि सभी लाभुकों को समय पर राशन मिल सके। बैठक में डीलरों ने अपने विचार और सुझाव साझा किए और यह सुनिश्चित किया कि सभी लाभुकों तक राशन की पहुंच बनी रहे। बीडीओ ने डीलरों को समझाया कि इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से निभाने की जरूरत है ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की छवि सुधरे और जनता का विश्वास बने। बैठक के बाद बीडीओ ने डीलरों को सख्त चेतावनी दी कि किसी भी तरह की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने की आत्महत्या

साहिबगंज (नि.सं.)। राधानगर थाना क्षेत्र के फुदकीपुर में एक शादीशुदा युवक शिवा मंडल ने आत्महत्या कर ली। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, युवक की पत्नी मायके में रहकर परीक्षा दे रही थी। पत्नी से फोन पर बात करने के कुछ ही देर बाद युवक ने फांसी लगा ली। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। राधानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। समाचार लिखे जाने तक, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। हालांकि, आत्महत्या के कारणों की स्पष्ट जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और संभावित कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोग मृतक के परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे हैं और इस घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने की मांग कर रहे हैं।

# हरिहरगंज के एम पब्लिक स्कूल के 60 स्कूली बच्चे निकले शैक्षणिक भ्रमण पर

निज संवाददाता | हरिहरगंज



हरिहरगंज शहर के टंडवा रोड स्थित एम पब्लिक स्कूल के कक्षा नर्सरी से लेकर आठवीं तक के 60 स्कूली बच्चे शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण पर निकले। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मदन मोहन सिंह और स्कूल के डायरेक्टर एम परवेज आलम ने बच्चों से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूल के डायरेक्टर एम परवेज आलम ने बताया कि इस भ्रमण यात्रा के दौरान बच्चे तिताई बिगहा औरंगाबाद के जैव विविधता उद्यान, सत्येंद्र नारायण सिन्हा पार्क, नेहरू चिल्ड्रन पार्क और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पार्क औरंगाबाद सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखना है बल्कि उन्हें बाहरी दुनिया के बारे में भी जानकारी प्राप्त कराना है। इस तरह की यात्राओं से बच्चों में न सिर्फ नए ज्ञान की प्राप्ति होती है बल्कि उनके सामाजिक और व्यवहारिक कौशल भी बढ़ते हैं। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मदन मोहन सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में अध्ययन के अलावा बाहरी ज्ञान अर्जित करने में भी सहायक होते हैं। इस भ्रमण यात्रा में प्रधानाध्यापिका रूमी नाज नूरी, शिक्षक सचिन कुमार, पुनम कुमारी, रूबाना परवीन, शाजिया परवीन और ब्यूटी कुमारी सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल थे। यह आयोजन बच्चों के शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और उन्हें अपनी शिक्षा के क्षेत्र को व्यापक दृष्टिकोण देने में मदद करेगा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

निज संवाददाता | पाकुड़




जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने चुनावी प्रक्रिया की तैयारी और सुरक्षा की दृष्टि से ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित सभी आवश्यक पहलुओं की जांच की और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे, और अन्य तकनीकी उपकरणों की स्थिति और रख-रखाव की जांच की। उन्होंने पाया कि वेयर हाउस में सभी उपकरण सही स्थिति में हैं और रखरखाव की अच्छी देखभाल की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह (बाहर) और त्रैमासिक (अंदर) ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। इस निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वेयर हाउस में रखे सभी उपकरण अच्छे स्थिति में हों और तकनीकी उपकरणों की सही तरह से देखभाल की जाए।

इसके साथ ही, इन निरीक्षणों की रिपोर्ट मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग रांची को भेजनी होती है। मनीष कुमार ने इस निरीक्षण के दौरान निर्वाचन विभाग के कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और रिपोर्ट मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग रांची को भेजने का निर्देश भी दिया। उन्होंने इस कार्य के महत्व को समझाते हुए कहा कि सभी उपकरणों का ठीक प्रकार से रखरखाव और सही स्थिति में होना चुनाव प्रक्रिया की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी भी उपस्थित थे, जिन्होंने निरीक्षण की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में विशेष कैम्प का किया गया आयोजन

निज संवाददाता | बोरियो (साहिबगंज)



प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी और उप-प्रमुख नागेश्वर साव ने किया। यह आयोजन जिला आयुक्त के निर्देश पर हुआ था। कैम्प में लाल, पीला और हरा राशन कार्ड धारकों के साथ-साथ 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पंजीकरण किया गया। समाचार भेजे जाने तक इस विशेष आयुष्मान कैम्प में 100 से अधिक लोगों का पंजीकरण हो चुका है और यह कैम्प 10 दिसंबर तक जारी रहेगा। इस कैम्प का उद्देश्य आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाना है। आयुष्मान कार्ड से लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं सीधे तौर पर मिलेंगी, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या के समाधान में मदद मिलेगी। इस विशेष कैम्प में उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया, उनमें डॉ. पंकज कुमार गुप्ता, बीपीएम विष्णु भगत, एमटीएस मनोहर पंडित, एमपीडब्ल्यू बिनोद सिंह, संजय कुमार, बीटीटी विकास कुमार पंडित, प्रीभीटीजी फेशिलेटर सुरजा पहाड़िया, शुशीला टुडू, विजय पहाड़िया, सुनील पहाड़िया आदि शामिल थे। इन सभी ने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड की प्रक्रिया की जानकारी दी और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक किया। बीडीओ नागेश्वर साव ने कहा कि यह कैम्प वृद्ध और जरूरतमंद नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें पंजीकृत व्यक्ति तत्काल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं और आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उनकी चिकित्सा संबंधी जरूरतें पूरी की जा सकती हैं। उन्होंने डीलरों और कर्मचारियों से कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी को अनुशासनपूर्वक कार्य करना होगा ताकि सभी पात्र व्यक्ति इस योजना का लाभ उठा सकें। कैम्प में मौजूद अधिकारी और कर्मचारी लगातार इस बात की निगरानी कर रहे हैं कि सभी पात्र नागरिक आयुष्मान कार्ड प्राप्त करें और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। बीडीओ ने विशेष रूप से ध्यान दिलाया कि कैम्प के अंतिम दिन तक अधिक से अधिक लोगों को पंजीकरण कर आयुष्मान कार्ड वितरित किए जाएं ताकि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या आने पर वे तुरंत चिकित्सा सेवाएं प्राप्त कर सकें।

## युवक ने आत्महत्या का किया प्रयास

राजमहल (साहिबगंज) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के गुणहारी पंचायत के मंडई में शुक्रवार को एक युवक राशिक कुमार मंडल ने गले में साड़ी का फंदा डालकर आत्महत्या का प्रयास किया। ग्रामीणों के अनुसार, दोपहर के समय उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद युवक ने यह कदम उठाया। युवक को तुरंत इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया, लेकिन अस्पताल में स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे गोद में उठाकर वार्ड तक पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को सामान्य बताया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी। इन दोनों घटनाओं ने क्षेत्र में दुख और चिंता की लहर पैदा कर दी है। लोग मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं और इस घटना के कारणों की जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि संबंधित कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# गुड गवर्नेंस की चुनौती

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित होने के 11 दिन बाद यह तय हो पाया कि देवेंद्र फडणवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि इन चुनावों में महायुति और उसमें भी भाजपा को जैसा जनादेश मिला था, उसके बाद इस सवाल पर इतनी माथापच्ची होनी नहीं चाहिए थी, लेकिन पिछले वर्षों में प्रदेश की राजनीति में जिस तरह के मोड़ आए हैं, उन्हें देखते हुए आखिरी पलों तक कुछ भी हो जाने का सस्पेंस बना रहा। खुद देवेंद्र फडणवीस के हालिया करियर को देखें तो 2014 से 2019 तक बतौर मुख्यमंत्री अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद 2022 में उन्होंने एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर की। किसी भी महत्वाकांक्षी राजनेता के लिए यह स्वभाविक चॉइस नहीं कही जाएगी, लेकिन विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर उन्होंने न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाई। इसके बाद अब अगर एक बार फिर उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता वह अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं। फिर भी अगर यह सवाल बना हुआ है कि महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं तो उसके पीछे प्रदेश राजनीति के हालिया उतार-चढ़ाव ही हैं। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणास्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता, लेकिन राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता। जाहिर है, नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा। प्रदेश राजनीति की यह खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत को रेखांकित करती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी भी बढ़ा देती है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। साफ है कि विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर देवेंद्र फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं साबित होने वाली। देखना होगा कि महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी वह किस हद तक पूरी कर पाते हैं।

# चीन सीमा विवाद को लेकर राहत की उम्मीद

अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को सहज और शांतिपूर्ण रखने के लिए भारत ने न केवल अपनी ओर से हर स्तर पर पहल की है, बल्कि कई बार विपरीत स्थितियों में भी सकारात्मक रुख दिखाया है। मगर लंबे समय से पाकिस्तान और चीन के रवैये की वजह से सीमा पर अक्सर तनाव और टकराव के हालात पैदा होते रहे हैं और उसके लिए कौन जिम्मेदार रहा है, वह अब दुनिया जानती है। बिना किसी उकसावे के चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास जिस तरह की गतिविधियां चलाता है, उसे किसी भी कसौटी पर उचित नहीं कहा जा सकता। भारत कूटनीतिक स्तर पर इस मसले को अक्सर उठाता रहा है। समय-समय पर होने वाली बातचीत के बाद कुछ समय तक सीमा पर शांति की स्थिति दिखती है, मगर फिर चीन की ओर से कोई न कोई ऐसी गतिविधि शुरू हो जाती है, जिससे उसकी मंशा पर संदेह होता है। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जब भारत और चीन के बीच बातचीत के बाद कई सकारात्मक पहलकदमियां हुईं और शांति बहाली की उम्मीद जगी। इसके तहत वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने सैनिकों को पीछे लौटाने के कदम उठाए गए। मगर पिछले कुछ वर्षों में भारत को लेकर चीन का जैसा रुख सामने आया है, उसके मद्देजनर यह आशंका लगातार बनी हुई है कि दोनों देशों के बीच तनाव के हालात में सुधार की स्थितियां कब तक बनी रहेंगी। अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता ने बहुस्तरीय तनाव में बढ़ोतरी की है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर फिलहाल शांति को भारत राहत के रूप में देख सकता है, लेकिन अगर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधियों की वजह से दुनिया भर में चिंता बढ़ रही है, तो यह भारत के लिए भी सचेत रहने का वक्त है।

# महिलाएं जीत की गारंटी बनीं

**(शशि शेखर)**

> *आप पूछ सकते हैं कि यदि यह दांव इतना कारगर है, तो हमारे राजनीतिज्ञ समाज बांटने के नारे क्यों लगाते हैं? इस थोथी नारेबाजी के स्थान पर अगर सियासी सूरमा अपना रिपोर्ट-कार्ड लेकर जनता के समक्ष हों, तो भारतीय मतदाता उन्हें निराश नहीं करेंगे। ये योजनाएं 'मंडल और कमंडल' से अधिक कारगर और कल्याणकारी हैं।*

क्या आपको लगता है कि हमारे राजनेता जन-कल्याण में पर्याप्त ध्यान नहीं लगाते? वे चुनाव के समय सामाजिक दरारों को चौड़ा कर वोट जुटाते हैं और फिर उस वोट बैंक को बिसरा देते हैं? एक लोकप्रिय शोशा यह भी है कि राजनीति जन समस्याओं के समाधान के बजाय सिर्फ सत्ता प्राप्ति का जरिया बन चुकी है? इन सवालों का जवाब देने के लिए मैं आपको पिछले साल, यानी 2023 में वापस ले चलना चाहता हूं। उन दिनों मध्य प्रदेश में सत्ता-विरोधी लहर आसमान छू रही थी। उन्हीं विपरीत परिस्थितियों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अचानक 'लाडली बहना योजना' की शुरुआत की और सारी 'एंटी इनकंबेंसी' हवा हो गई। वह तीसरी बार चुन लिए गए। यह बात अलग है कि भाजपा ने उनकी जगह भोपाल में नए नेतृत्व को मौका देना बेहतर समझा। इसके पहले हुए हिमाचल और कर्नाटक के चुनावों में भी कांग्रेस सिर्फ इसलिए वापसी कर सकी, क्योंकि उसने महिलाओं के लिए नई कल्याणकारी योजनाओं का वायदा किया था। चुनावी लड़ाइयों में अमोघ अस्त्र बन चुकी इन योजनाओं को वर्ष 2001 के तमिलनाडु चुनावों में जयललिता जयराम ने शुरू किया था। महिलाओं पर चले गए इस दांव से चेन्नई के सत्ता-सदन में उनकी जबरदस्त वापसी हुई थी। उनके बाद नीतीश कुमार ने इस जादुई मंत्र को आत्मसात किया। साल 2006 में उनकी सरकार ने फैसला किया कि कक्षा नौ में पढ़ने वाली सभी छात्राओं को साइकिल दी जाएगी। बिहार को जानने वाले जानते हैं कि वहां बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालयों की कमी है। छोटी बच्चियों को प्राइमरी स्कूल के बाद आस-पास के गांवों में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में जाना पड़ता है। अक्सर उनकी पढ़ाई छूट जाती थी, क्योंकि घर में किसी सदस्य के पास प्रतिदिन उन्हें दूसरे गांव ले जाने और लाने की फुरसत नहीं होती थी। इस पुराने सिलसिले ने महिलाओं को पीछे धकेल दिया था। सरकार से मिली साइकिल ने उन्हें बंधन मुक्त कर दिया। मैंने खुद बिहार की सड़कों पर दर्जनों बच्चियों को खिलखिलाते हुए साइकिल पर स्कूल आते-जाते देखा है। वे पढ़ रही थीं, खुली हवा में सांस ले रही थीं और अपने अंदर इस विश्वास को संजो रही थीं कि वे एक नए बिहार की संरचना करेंगी। साइकिल योजना के लागू होने से पहले और बाद के बिहार में यदि सरकारी कार्यालयों में पुरुषों और महिलाओं के अनुपात, शिक्षा दर और अन्य सामाजिक पैमानों पर आपा्त्रयों की भागीदारी आंकें, तो आश्चर्य में पड़ जाएंगे। नई उमर की इस नई फसल ने उन्हें सियासी फायदे भी पहुंचाए सन् 2010 के चुनाव में बिहारी पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। चुनाव आयोग के आंकड़े गवाह हैं कि 51.12 प्रतिशत पुरुषों ने और 54.49 फीसदी महिलाओं ने वोट डाले। बिहार के सामाजिक समीकरण ऐसे हैं कि नीतीश कुमार को सत्ता की सीढ़ी बिछाने के लिए भारतीय जनता पार्टी या अपने पुराने दोस्त लालू प्रसाद यादव की पार्टी का सहारा लेना पड़ता है। नीतीश कुमार अकेले सत्ता हासिल नहीं कर सकते, लेकिन उनके बिना ये दोनों पार्टियां भी हुकूमत में आने की स्थिति में नहीं हैं। इसी का नतीजा है कि एक छोटे अंतराल को छोड़ नीतीश कुमार तो 19 वर्षों से 1, अणे मार्ग पर काबिज हैं। अप्रैल 2016 में शराबबंदी का निर्णय कर वह आधी आबादी के और अधिक दुलारे बन चुके हैं। पटना के इन शुरुआती प्रयोगों के बाद पश्चिम बंगाल, दिल्ली, ओडिशा, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और हिमाचल में तमाम पार्टियों ने महिलाओं के हक में अनेक फैसले किए। मौजूदा चुनाव परिणाम इसका उदाहरण है कि किस तरह महिलाओं की भागीदारी सत्ताओं को उखाड़ सकती है या पुरानी सरकार को दोबारा जमे रहने के लिए खाद-पानी मुहैया करा सकती है। हरियाणा में हवा कांग्रेस के पक्ष में थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प-पत्र में लाडली लक्ष्मी योजना की घोषणा की। इसके तहत हर महीने महिलाओं को 2,100 रुपये मिलेंगे। साथ-साथ अव्वल बालिका योजना के तहत कॉलेज जाने वाली हर ग्रामीण लड़की को स्कूटी मुहैया कराने का वायदा किया गया। यही नहीं, हर घर गृहिणी योजना के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दिए जाने का भी आश्वासन दिया गया। नतीजतन, सारी सत्ता विरोधी लहर हवा हो गई और भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाब रही। पिछले हफ्ते महाराष्ट्र और झारखंड में भी यही हुआ। शिंदे सरकार की लाडकी बहिण योजना और हेमंत सोरेन की मंइयां सम्मान योजना ने महिलाओं को लामबंद करने में जबरदस्त भूमिका अदा की। दोनों सत्ता बचाने में कामयाब रहे। हमारे देश की महिलाओं का मिजाज अलग है। वे खुद से ज्यादा परिवार के बारे में सोचती हैं। यही वजह है कि वे जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषायी जंजालों में पड़े बिना सिर्फ उस पार्टी या नेता को चुनती हैं, जो उनके भले की बात करता है। अपने स्वार्थ से ही सही, पर भारतीय राजनीति शताब्दियों से पीछे धकेली गई महिलाओं को आगे लाने का नेक काम कर रही है। एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह बेहद जरूरी है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई कल्याण योजनाओं पर नजर डालनी जरूरी है कोरोना के वक्त से शुरू हुई 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना' ने गरीबों के एक बड़े वर्ग को न केवल जिंदा रखा, बल्कि उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। यह सर्वविदित है कि जब पेट भर जाता है, तो कोई भी अपने परिवार की बेहतरी और बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देता है। एक बार अन्न संबंधी चिंता से मुक्त होने के बाद देश के 81 करोड़ से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य, शिक्षा और ऐसी ही अन्य मूलभूत आवश्यकताओं पर खर्च करना शुरू किया। इससे न केवल उनका जीवन बदला, बल्कि देश के जीडीपी में भी सुधार आया। इसी तरह, स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर शौचालय योजना ने महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान को बुलंद किया। केंद्र सरकार अब तक महिलाओं को 11.6 करोड़ निजी शौचालय मुहैया करा चुकी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से भी देश भर की 10.27 करोड़ से अधिक महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। यह लाभार्थी वर्ग एक नए सियासी और सामाजिक समुदाय के तौर पर उभरा है जान लें। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा लागू इन कार्यक्रमों का वैसा ही दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जैसा कभी दलितों-पिछड़ों के आरक्षण, शारदा ऐक्ट अथवा सती प्रथा उन्मूलन कानून ने किया था।

# सियासी सूरमाओं को पस्त करने में महारथ, धैर्य और पार्टी नेतृत्व के प्रति निष्ठा

**( अंकित सिंह )**

साधारण शुरुआत से महाराष्ट्र की राजनीति में एक प्रमुख शख्सियत बनने वाले भाजपा के दिग्गज नेता ने पिछले पांच वर्षों में कई राजनीतिक उथल-पुथल का सामना किया। फडणवीस का राजनीतिक करियर महाराष्ट्र के जटिल राजनीतिक परिदृश्य में लचीलेपन और रणनीतिक पैंतरेबाज़ी के मिश्रण द्वारा चिह्नित किया गया है। किस्मत एक बार धोखा दे सकता है। लेकिन बार-बार नहीं और शायद देवेंद्र फडणवीस के साथ यह हुआ है। भले ही राजनीति को आंकड़ों का खेल कहा जाता है। लेकिन इसमें धैर्य की कितनी जरूरत होती है, उसे देवेंद्र फडणवीस से सीखना चाहिए। 54 वर्ष की उम्र में जहां अभी भी कई लोग परिपक्व राजनेता कहलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं इस उम्र में देवेंद्र फडणवीस देश के सबसे महत्वपूर्ण राज्य महाराष्ट्र में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद के शपथ लेने जा रहे हैं। देवेंद्र फडणवीस ने कभी कहा था कि 'मेरा पानी उतरता देख, मेरे किनारे पर घर मत बसा लेना। मैं समंदर हूं, लौटकर वापस आऊंगा और आज एक बार फिर से वह लौट कर आए हैं और सिर्फ ना लौट कर आए हैं बल्कि मजबूती से लौटे हैं। साधारण शुरुआत से महाराष्ट्र की राजनीति में एक प्रमुख शख्सियत बनने वाले भाजपा के दिग्गज नेता ने पिछले पांच वर्षों में कई राजनीतिक उथल-पुथल का सामना किया। फडणवीस का राजनीतिक करियर महाराष्ट्र के जटिल राजनीतिक परिदृश्य में लचीलेपन और रणनीतिक पैंतरेबाज़ी के मिश्रण द्वारा चिह्नित किया गया है। जब से फडणवीस ने महाराष्ट्र भाजपा में केंद्रीय भूमिका निभाई, उन्होंने दोस्त से दुश्मन बने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना, महाराष्ट्र के दिग्गज शरद पवार की राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और कांग्रेस को मात दी। देवेंद्र फडणवीस शरद पवार के गढ़ में आधुनिक चाणक्य के रूप में उभरे हैं। फडणवीस की राजनीतिक यात्रा उल्लेखनीय रही है। इस दौरान एक गुमनाम पार्षद से लेकर नागपुर के सबसे युवा महापौर बनने का गौरव हासिल किया। इसके बाद उन्होंने भाजपा के भीतर एक प्रमुख नेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। उल्लेखनीय बात यह है कि वह शिवसेना के मनोहर जोशी के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने वाले दूसरे ब्राह्मण हैं। फडणवीस का राजनीतिक उत्थान 2014 के विधानसभा चुनावों से पहले शुरू हुआ, जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह का समर्थन हासिल किया। मोदी ने एक चुनावी रैली में फडणवीस को 'नागपुर का देश को उपहार' बताया था, जो उनके फडणवीस में विश्वास को दर्शाता था। हालांकि मोदी ने 2014 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में धुआंधार प्रचार अभियान चलाया था, लेकिन चुनावों में पार्टी की अभूतपूर्व जीत का कुछ श्रेय तत्कालीन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष फडणवीस को भी गया था। जनसंघ और बाद में भाजपा के नेता रहे गंगाधर फडणवीस के पुत्र देवेंद्र ने युवावस्था में राजनीति में कदम रखा और 1989 में आरएसएस की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में शामिल हुए। पूर्व भाजपा अध्यक्ष नितिन गडकरी दिवंगत गंगाधर को अपना 'राजनीतिक गुरु' कहते हैं। देवेंद्र फडणवीस 22 वर्ष की आयु में नागपुर नगर निगम के पार्षद बने तथा 1997 में 27 वर्ष की आयु में इसके सबसे युवा महापौर बने। फडणवीस ने अपना पहला विधानसभा चुनाव 1999 में लड़ा और जीत हासिल की। ?? इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीते। पिछले महीने हुए चुनाव में उन्होंने अपनी नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट बरकरार रखी। महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य में कई नेताओं के विपरीत, फडणवीस पर कभी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। महाराष्ट्र के सबसे मुखर राजनेताओं में से एक फडणवीस को कथित सिंचाई घोटाले को लेकर तत्कालीन कांग्रेस-राकांपा सरकार को मुश्किल में डालने का श्रेय भी दिया जाता है। फडणवीस को 2019 के विधानसभा चुनाव में तब झटका लगा जब अविभाज्य शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद को लेकर चुनाव पूर्व गठबंधन से हाथ खींच लिया और भाजपा नेता का मैं वापस आऊंगा उद्घोष अधूरा रह गया। फडणवीस ने 23 नवंबर, 2019 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली हालांकि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने से पहले ही फडणवीस ने 26 नवंबर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5575

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5574

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## वर्ग पहेली 5575

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | | ■ | 8 | | |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | | ■ |
| | ■ | 17 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | 20 |
| 21 | | | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | 23 | | ■ | ■ | 24 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. पाकिस्तान, सऊदी अरब और 53 अन्य इस्लामी देशों ने 16 जुलाई 2003 को य निर्णय लिया गया कि इस देश को 2005 तक मान्यता दी जाएगी (5)
5. यह विश्व में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा देश है (2)
7. बलराम के नामों में से एक, बलभद्र (4)
8. श्रीमान, महोदय, महाशय (3)
9. तीन बूटियों बाला ताश का पत्ता (3)
10. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है, इंनद्रधनुष के रंगों में से एक (2)
12. प्रयोगशाला को अंग्रेजी में यह कहते हे (2)
13. असुर, राक्षस, दनु नाम की पत्नी से उत्पन्न कश्यप ऋषि के पुत्र (3)
15. आक्रमण, धावा (3)
17. कामना, मनावांछा, तमन्ना, आरजू (4)
18. क्रांतिवृत्त में पड़नेवाले तारों का समूह, निश्चित संख्या (2)
19. आहार पदार्थ, भोज्य सामग्री (4)
21. पुश, आखेट (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी)(2)
23. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
24. उन्नति का समय अभ्युदय काल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. आरंभिक, प्राथमिक, शुरूआती (5)
2. वारिस्थ, बोट, सफीना (4)
3. यह उत्तरभारत में बहने वाली एक नदी है इसका पौराणिक नाम परूष्णी है (2)
4. इस पार का, निकटतटवर्ती (3)
5. यह एक बांग्लादेशी गायिका है (4)
6. मूल कारण, वजह , हेतु (3)
11. जो सीधा न जाकर बलखाते हुए गया हो (5)
14. वन्यतापूर्ण, जंगली, पशुतापूर्ण (5)
16. स्वार्थ, प्रयोजन, अर्थ, मकसद (4)
18. संगीत में स्वरों के विशेष क्रम, शास्त्रीय संगीत की रचना (3)
20. अध्यापक, शिक्षक, गुरू (3)
21. चंद्रमा के रथ 10 घोड़ों में से एक का नाम, आखेटित पशु, हिरण (2)

### वर्ग पहेली 5574 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | ह | रि | को | टा | ■ | ना | री |
| मा | ल | वा | ■ | ल | घु | म | ति |
| न | वा | ज | ना | ■ | न | ■ | ग |
| ■ | ई | ■ | ज | न | ■ | बु | त |
| ■ | ■ | त | ■ | क | ना | डा | ■ |
| ■ | म | ह | ता | ब | ■ | पे | रू |
| ग | नी | म | त | ■ | पि | स्ट | ल |
| ■ | ला | त | ■ | भा | तृ | ■ | र |

# आज का राशिफल

### मेष

आज लाभ होगा और आपके कार्यक्षेत्र का वातावरण सुधरेगा। कठोर स्वभाव का व्यक्ति नजरों से दूर रहेगा और वातावरण में हल्कापन और मनोरंजन का रंग छाया रहेगा। किसी सहकर्मी या बॉस द्वारा पार्टी देने से और भी चहल-पहल बढ़ेगी। धन में वृद्धि के योग हैं और कारोबार में सफलता मिलेगी। आपकी योजनाएं सफल होंगे।

### वृष

आज दिन लाभदायक रहेगा। आपके धन में वृद्धि होगी। लाभ के योग बन रहे हैं। हालांकि, सहयोगियों की मदद पर पूरी तरह भरोसा करना खतरे से खाली नहीं होगा। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ नए काम सौंपे जा सकते हैं। आपके भाग्य में वृद्धि के योग हैं। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### मिथुन

आज करियर के मामले में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए। तनाव से उबरने के लिए आप किसी मनोरंजक यात्रा पर जा सकते हैं। यदि आप धन निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको लाभ होगा। आज आपको सार्वजनिक वाहन का लाभ मिलेगा।

### तुला

आज दिन लाभदायक रहेगा। आप करियर में कुछ बड़ा बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। लेकिन अभी परिस्थितियां ठीक नहीं हैं। किसी भी काम में हाथ डालने से पहले अपने साथी से सलाह जरूर लें। यदि आप कोई निर्णय लेकर आगे बढ़ते हैं, तो कुछ प्राप्त करने के लिए कुछ खोना भी पड़ सकता है। धन में वृद्धि के योग हैं।

### वृश्चिक

आज दिन सफलता से भरा होगा। आप नए प्रॉजेक्ट पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। इस क्षेत्र में कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक मदद मिल सकती है, जिससे आपको लाभ होगा। किसी की सहायता करने से आपके मन में संतुष्टि का भाव रहेगा और आपको आर्थिक लाभ भी हो सकता है। आपके लिए लाभ और तरक्की के योग हैं। आपको कहीं से रुका धन प्राप्त हो सकता है।

### धनु

आज करियर में लाभ के योग बन रहे हैं। यदि आप यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो आपको कुछ तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे काम भी पूरे हो सकते हैं। दोपहर के बाद दौड़-भाग बढ़ सकती है। उतावली में कोई गलती हो सकती है, इसलिए ध्यान से काम करें। आपके लिए तरक्की के योग हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

### कर्क

आज दिन थकान और परेशानी भरा हो सकता है। आप किसी कारण से तनाव में रह सकते हैं। आपके मन में किसी बात को लेकर उलझन रहेगी। शाम के समय घर-परिवार में किसी बात पर बहस हो सकती है। इसलिए हर मामले में सतर्क रहें और विवाद से बचें। हालांकि, आपके भाग्य में वृद्धि होगी।

### सिंह

आज कल यानी 6 दिसंबर का दिन उत्साहवर्धक रहने वाला है। मीन राशि वाले कल निर्णय लेने की क्षमता का लाभ मिलेगा और भाग्य का हर कदम पर सहयोग मिलेगा। कल आप परिवार के किसी सदस्य से किया हुआ वादा पूरा करेंगे और अपने लिए ऑनलाइन शॉपिंग करने का अवसर भी मिलेगा।

### कन्या

आज करियर में लाभ होगा और जिन मामलों में आप अपना दिमाग लगाएंगे, उनमें आपको सफलता मिलेगी। सभी कार्यों में अच्छा परिणाम मिलेगा। छोटे सदस्य या संतान की ओर से भी अच्छा समाचार मिलेगा। वस्त्र आदि का लाभ हो सकता है।

### मकर

आज लाभ होगा और धन में वृद्धि के योग हैं। आप तीर्थयात्रा का कार्यक्रम बना सकते हैं। मित्रों की मदद के लिए धन की व्यवस्था करनी पड़ सकती है। यदि आप किसी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो आपको अपने घर के साधन भी व्यवस्थित करने होंगे। घर के वरिष्ठ सदस्य से विवाद हो सकता है। आपके लिए तरक्की के योग बने हैं और सम्मान में वृद्धि होगी।

### कुंभ

आज दिन किसी प्रकार का सुधार करने में बीतेगा। आप कार्यक्रम में कुछ बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं और उस पर ध्यान केंद्रित करना होगा। आर्थिक मामलों में आपको सोच-समझकर फैसला लेने की जरूरत है। छोटी-मोटी देनदारियां चुकानी पड़ सकती हैं। परिजनों की मांग पूरी करना आवश्यक है। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### मीन

आज लाभ होगा और संकल्प करने पर सफलता मिलेगी। चाहे किसी का एडमिशन हो, यात्रा की व्यवस्था करना हो, जरूरी वस्तु खरीदना हो या अटका हुआ पैसा निकालना हो, आज आपको दूसरों की मदद करनी पड़ सकती है। सभी कार्यों को एक-एक करके निपटाने से कुछ काम अचानक ही बनते नजर आएंगे और आपका मन प्रसन्न रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

